रोहतक
शनिवार, 30 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 210
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**

अधि. 34.6
न्यून. 21.3

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,809.65 | 270.92 ▼ |
| निफ्टी | 24,426.85 | 74.05 ▼ |

| धातु | कीमत | बढ़त/घटत |
|---|---|---|
| सोना | 1,03,670/- | 2100/- ▲ |
| चांदी | 1,19,000/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.19 | 61 पैसे ▼ |

कूड ऑयल 68.07 बैरल 0.80% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

**अंदर के पन्नों पर**

- नायब का राहुल पर पलटवार कांग्रेस के डीएनए में वोट चोरी पेज-2
- किसान का होगा बरसत रोड, 36 साल बाद मिला कब्जा पेज-3
- पीएम को जितनी गाली दोगे उतना कमल खिलेगा पेज-5

**खबर संक्षेप**

### डीआरडीओ ने बनाई नई नेवल फ्लेयर

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नौसेना की कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के लिए विशेष नेवल फ्लेयर विकसित किया है। यह कदम देश की पनडुब्बी युद्धक क्षमता को और मजबूत करेगा। यह फ्लेयर पुणे स्थित डीआरडीओ की हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी ने तैयार किया है। इसे नौसेना को सौंप दिया है। एजेंसी

### 21 सितंबर 30 नवंबर तक 150 विशेष ट्रेन चलेंगी

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने त्योहारों पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए 21 सितंबर से 30 नवंबर तक 150 पूजा विशेष ट्रेन चलाने की अधिसूचना जारी की है। इस दौरान ये ट्रेनें 2024 चक्कर लगाएंगी। पूजा स्पेशल ट्रेन श्रृंखला के तहत द.मध्य रेलवे सबसे ज्यादा 48 ट्रेन चलाएगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इन ट्रेनों के चलने से त्योहारी सीजन में लोगों को दिक्कत नहीं होंगी।एजेंसी

### ईडी ने पहली बार 'पर्पल नोटिस' जारी करवाया

**नई दिल्ली।** ईडी ने कहा कि उसने व्यापार आधारित धन शोधन मामले में इंटरपोल द्वारा पहली बार 'पर्पल नोटिस' नोटिस जारी करवाया है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह नोटिस ल्योन स्थित वैश्विक पुलिस निकाय द्वारा 21 अगस्त को जारी किया गया। 'पर्पल नोटिस' इंटरपोल द्वारा जारी किये जाने वाले आठ प्रकार के नोटिस में से एक है। भाषा

### वाहन, सारथी व फास्टैग डेटा एक्सेस के नए नियम

**नई दिल्ली।** केंद्र ने नेशनल ट्रांसपोर्ट रिपॉजिटरी से डेटा शेयरिंग के लिए नई पॉलिसी पेश की है। इसमें वाहन, सारथी, फास्टैग, ई-चालान और हादसे से जुड़े रिकॉर्ड शामिल होंगे। पॉलिसी का मकसद नागरिकों की प्राइवेसी, डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। यह डेटाबेस पूरे देश के वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, चालान व सड़क हादसों के रिकॉर्ड को जोड़ता है। एजेंसी

### सीजेआई ने दो नए जस्टिस को पद की शपथ दिलाई

नई दिल्ली। सीजेआई बी. आर. गवई ने बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को उच्चतम न्यायालय के जज के तौर पर शपथ दिलाई। दोनों को 27 अगस्त को उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत किया था। न्यायमूर्ति पंचोली, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या के सेवानिवृत्त होने के बाद अक्टूबर 2031 में सीजेआई बनने की कतार में होंगे। एजेंसी

### थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा बर्खास्त



बैंकॉक। कंबोडियाई नेता के साथ फोन पर समझौता करने के आरोप में थाईलैंड की सांविधानिक अदालत ने पीएम पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से बर्खास्त कर दिया है। शिनावात्रा पर नैतिकता संबंधी सांविधानिक नियमों के उल्लंघन का आरोप है। एजेंसी

हिमाचल में भूस्खलन से 11 व उत्तराखंड में बादल फटने से 5 की मौत जम्मू में भी हाल बेहाल

# मूसलाधार बारिश से पहाड़ों पर बड़ी आफत हरियाणा के कई जिलों में भी बाढ़ के हालात

जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी यात्रा चौथे दिन भी स्थगित रही, भूस्खलन से 35 की हुई थी मौत | पंजाब के 9 जिले बाढ़ की चपेट में, सैकड़ों लोगों को बचाव, ड्रोन से पहुंचाया जा रहा भोजन | प्रदेश में टांगरी, यमुना, सोम और घग्गर नदी उफान पर, निचले इलाकों व खेतों में पानी भरा

*पंजाब में बारिश के चलते पठानकोट, बटाला, गुरदासपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, कपूरथला, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर में बाढ़ आ गई है। एयरफोर्स ने राज्य में 46 लोगों को बचाया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 750 किलोग्राम राहत सामग्री बांटी। कई जिलों में ड्रोन से खाना पहुंचाया गया। लोग छतों पर रहने को मजबूर।*

**हरियाणा/नई दिल्ली (हरिभूमि टीम)।** मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ दरक रहे हैं। इससे पहाड़ों पर आफत आई हुई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड बादल फटने से आई बाढ़ के कारण बेहाल हैं। शुक्रवार को भूस्खलन से हिमाचल के चंबा में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि उत्तराखंड में चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर जिलों में अतिवृष्टि, बरसाती नालों में बाढ़ के साथ मलबा आने और भूस्खलन की घटनाओं से मची तबाही से एक परिवार के दो सदस्यों समेत 5 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। 11 अन्य लापता हैं। जम्मू कश्मीर के कटरा क्षेत्र में शुक्रवार को भारी बारिश होने के चलते वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा लगातार चौथे दिन स्थगित रही। हाल में भूस्खलन के बाद यह यात्रा अस्थायी तौर पर रोक दी गई थी। भूस्खलन की इस घटना में 35 लोगों की मौत हो गई थी तथा 20 अन्य घायल हो गए थे। पंजाब के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। फिरोजपुर में बारिश से 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। वहीं हरियाणा में टांगरी, यमुना, सोम और घग्गर नदी उफान पर हैं। इसके कारण निचले इलाकों और खेतों में पानी भर गया लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गई हैं।

- **रूद्र प्रयाग में 40 और कुंभ गांव से 30 लोगों को बचाया**
- **पंजाब में अब तक 6 लोगों की जा चुकी जान सैकड़ों बचाए**





## उत्तराखंड में रास्ते बंद, कई जिले प्रभावित

देहरादून। उत्तराखंड के कई स्थानों पर लगातार मूसलाधार बारिश के बीच रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 5 लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्भ गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन घटनाओं पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभावित इलाकों में बचाव एवं राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

### हिमाचल में मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालु फंसे

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, 1 उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। वहीं मनाली शहर एक हिस्सा नदी में समा गया।



### दिल्ली में बारिश से दीवार गिरी, 3 बच्चे बाल-बाल बचे

*राष्ट्रीय राजधानी के मध्य, दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी हिस्सों में शुक्रवार को बारिश हुई। इससे सड़कों पानी भर गया। पूर्वी दिल्ली के मंडावली में बारिश के कारण एक मकान की दीवार गिर गई। इस दौरान स्कूल से घर लौट रहे तीन बच्चे बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें मामूली चोटें आई है। मौसम विभाग के अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले 15 साल में अगस्त का महीना सबसे बारिश वाला रहा है। इस माह में अब तक 399.8 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले 2010 में 455.8 एमएम बारिश हुई थी।*

मारकंडा नदी भी उफान पर, 52600 क्यूसिक पानी आया, कई गांवों में घुसा पानी

अचानक आई बाढ़ से ग्रामीणों की टेंशन बढ़ी, फसलों को नुकसान





## अंबाला में घरों में घुसा टांगरी का पानी मोरनी में भी भूस्खलन, लोगों में दहशत

पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बरसात का असर शुक्रवार को हरियाणा में भी दिखाई दिया। प्रदेश में टांगरी, मारकंडा, यमुना, सोम और घग्गर नदी में बाढ़ आ गई। खेतों और निचले इलाकों में पानी भर गया। अंबाला, यमुनानगर, सिरसा और फतेहाबाद ज्यादा प्रभावित हुए हैं। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मौसम विभाग ने 3 सितंबर तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। अंबाला में टांगरी नदी में करीब 36,000 क्यूसिक पानी आ गया, जिसके बाद पानी 20 से ज्यादा कॉलोनियों तक पहुंच गया। मदद के लिए एनडीआरफ की टीम जुटी हुई है। फंसे लोगों को नाव के जरिए बाहर निकाला जा रहा है। लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घरों को खाली कर ऊंचे स्थानों पर जाना शुरू कर दिया। वह घर के अंदर का सामान लेकर भी ऊंची जगहों पर चले गए। कुछ लोगों ने घर की दूसरी मंजिल या छत पर शरण ले रखी है।

**अन्य जिलों में यह हाल**

- पानीपत, भिवानी, चरखी दादरी, करनाल, जींद, नारनौल और गुरुग्राम में बारिश हुई।
- पंचकूला के मोरनी क्षेत्र में कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुआ, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं व इलाका पंचकूला से कट गया।
- नारनौल में तेज बारिश का असर जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के सरकारी आवास पर भी दिखा। घर के अंदर घुस गया मोटर की मदद से बाहर निकाला गया।
- रेलवे ने जम्मू आने और जाने वाली 46 ट्रेनों को रद कर दिया।
- यमुनानगर के रायपुर गांव की प्राथमिक स्कूल में पानी भरने पर बच्चों की छुट्टी कर दी गई। यहां यमुना के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है।
- फतेहाबाद से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए बुजुर्ग 21 अगस्त से लापता हैं।
- सिरसा -सिरसा में ओटू हेड और घग्गर में पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है।

**सीएम के निर्देश, जान-माल का नुकसान न हो**



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारी बारिश और उससे उत्पन्न बाढ़ जैसे हालातों को गंभीरता से लेते हुए सभी उपायुक्तों को विशेष सतर्कता बरतने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को अलर्ट किया जाए। किसी भी स्थिति में लोगों को जान माल का नुकसान नहीं होना चाहिए। सभी जिला उपायुक्त अपने-अपने क्षेत्रों में नदियों के साथ लगते इलाकों का सर्वेक्षण करें और नदियों के किनारे बसे गांवों, बस्तियों और कॉलोनियों के लिए पहले से ही ठोस कार्ययोजना तैयार रखें।

*पीएम मोदी व जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में करार*

## भारत में दस हजार अरब येन का निवेश करेगा जापान

**चंद्रयान-5 जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा, दक्षिण ध्रुव का करेंगे अध्ययन** | **मोदी बोले, भारतीय प्रतिभा और जापान की टेक्नोलॉजी का कोई मुकाबला नहीं**

भाषा ▶▶| टोक्यो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई समझौंमों पर हसताक्षर किए गए। भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेक्सा) का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे। जापान के रॉकेट से चंद्रयान-5 लॉन्च होगा। इसके अलावा इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10,000 अरब येन (60 हजार करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता भी दिया। (पेज 8 भी देखें)



### रणनीतिक-वैश्विक साझेदारी पर ऐलान

*भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के विस्तार की घोषणाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच शिखर वार्ता के बाद की गईं। मोदी ने इशिबा के साथ मीडिया को दिए अपने बयान में कहा, 'हमने अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 10 हजार अरब येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। हमने निवेश, नवाचार और आर्थिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 वर्षीय रोडमैप तैयार किया है।'*

### मोदी को मिला दरुमा गुड़िया का उपहार

प्रधानमंत्री मोदी को जापान यात्रा के दौरान सौभाग्य के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली पारंपरिक दरुमा गुड़िया भेंट की गई। मोदी को ताकासाकी-गुन्मा स्थित शोरिनजान दरुमा-जी मंदिर के मुख्य पुजारी रेव सेशी हिरोसे ने यह दरुमा गुड़िया भेंट की। 'यह विशेष भाव भारत और जापान के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत और आध्यात्मिक संबंधों की पुष्टि करता है।'

### जापानी कंपनियों से कहा-भारत में दुनिया के लिए बनाओ

पीएम मोदी ने भारत और जापान के लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारत-जापान व्यापार मंच में भी मैंने जापानी कंपनियों से कहा था कि भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ। वहीं, इशिबा ने कहा कि प्रमुख पहलों में लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत नीति के तहत तकनीक और बाजारों का लाभ उठाना, और सेमीकंडक्टर, जैव ईंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग करना शामिल है।

**बिटक्वाइन वसूली मामले में सजा**

### गुजरात में भाजपा के पूर्व विधायक पूर्व एसपी समेत 14 को उम्रकैद

**अहमदाबाद (भाषा)।** अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली जिले के पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) जगदीश पटेल और 12 अन्य को 2018 के बिटक्वाइन जबरन वसूली मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अहमदाबाद सत्र न्यायालय के न्यायाधीश बी बी जादव ने सूरत के बिल्डर शैलेश भट्ट और उनके साथी का 2018 में गांधीनगर से अपहरण करने और उस समय 32 करोड़ रुपये मूल्य के 200 बिटक्वाइन की जबरन वसूली में लिप्त रहने को लेकर कोटडिया, पटेल और अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। कोटडिया ने 2012 से 2017 के बीच अमरेली की धारी सीट का प्रतिनिधित्व किया था।

**खाते में ट्रांसफर करवाए थे करोड़ों के बिटक्वाइन**

**प्रदेश सरकार ने दिया तोहफा**

### हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों का वेतन 5% बढ़ा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के कर्मचारियों को सौगात दी है। सरकार ने वेतन में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। ये आदेश 1 जून 2025 से लागू होगा। प्रदेश में एचकेआरएन के करीब 1.18 लाख कर्मचारी हैं। इसको लेकर हरियाणा सरकार की ओर से लेटर जारी कर दिया गया है। लेटर में लिखा है कि सैलरी बढ़ोतरी के इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग ने अपनी सहमति जता दी है, जिसमें मजदूरी दरों में 5% की वृद्धि के साथ संशोधन कर उसे 50 रुपये कर दिया गया है। इससे पहले हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों की जून महीने में 5 प्रतिशत सैलरी बढ़ चुकी है। इससे कर्मचारियों की सैलरी में 900 रुपये से लेकर करीब 1200 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई थी।

**1 जून से 1.18 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ**

**3 माह का बेटा, नाम रखा राव जयबीर**

### सरोगेसी से सिंगल मदर बनी स्वास्थ्य मंत्री आरती राव!

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव अब 'मां' बन गई हैं। वह सेरोसेगी से सिंगल मदर बनी हैं। उनका बच्चा अब 3 माह का हो गया है। बच्चे का नाम जयवीर सिंह रखा गया है। उसका लालन-पालन मंत्री आवास पर हो रहा है। राव परिवार की ओर से इस मामले में अभी कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। हालांकि राव परिवार के एक करीबी सूत्र ने इसकी पुष्टि की है। माना जा रहा है कि राव जयवीर सिंह अपने नाना केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की विरासत को आगे बढ़ाएगा। राव इंद्रजीत की 2 बेटियां हैं। आरती राव के अलावा छोटी बेटी भारती राव हैं, जो 2 बेटों की मां हैं। भारती राव राजनीति व सुर्खियों से दूर रहती हैं। बड़ी बेटी आरती राव ही पिता की सियासी विरासत को संभाल रही हैं।

**राव तुलाराम की पांचवीं पीढ़ी होंगे जयबीर सिंह**

**घोषणा** आरआईएल की 48वीं वार्षिक आम बैठक में मुकेश अंबानी का ऐलान

*रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट बिजनेस रिलायंस इंडस्ट्रीज की डायरेक्ट सब्सिडियरी बनेगा*

## एआई के लिए गूगल व मेटा से समझौता करेगी रिलायंस, जून में आएगा आईपीओ

*सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस इंटेलिजेंस बनाएगी*

**नई दिल्ली (भाषा)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि दूरसंचार इकाई 'रिलायंस जियो' अगले साल की पहली छमाही में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आएगी और शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो इस समय आरआईएल की एक अनुषंगी कंपनी है। इसके अलावा अंबानी ने आरआईएल की 48वीं वार्षिक आम बैठक में तीन अन्य बड़े ऐलान भी किए गए। इनमें रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट बिजनेस रिलायंस इंडस्ट्रीज की डायरेक्ट सब्सिडियरी बनेगा। सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस इंटेलिजेंस बनाने का ऐलान और एआई के लिए मेटा और गूगल के साथ समझौता करने की भी घोषणा की।

### एआई रेडी क्लाउड पीसी की घोषणा



रिलायंस जियो ने अपने हाई-परफॉर्मेंस पर्सनल कंप्यूटरों की लॉन्चिंग की घोषणा की। ये टीवी या किसी अन्य स्क्रीन को एक एआई-रेडी सिस्टम में बदलने में सक्षम हैं। यह डिवाइस यूजर्स को डेस्कटॉप या लैपटॉप खरीदे बिना एडवांस्ड कंप्यूटिंग सर्विसेज तक पहुंचने की सुविधा देता है। जियो सेट-टॉप बॉक्स के साथ कीबोर्ड जोड़कर, ग्राहक अपने टीवी को एक पीसी में बदल सकते हैं, जो सीधे जियो के क्लाउड सर्वर से चलता है। यह मॉडल स्टोरेज और कंप्यूटिंग पावर को रिमोटली स्केल करने की सुविधा देता है, जिससे हार्डवेयर अपग्रेड की जरूरत खत्म होगी।

### हम खास वेंचर बना रहे

*मेटा के साथ पार्टनरशिप पर अंबानी ने कहा- 'आज मैं मेटा के साथ मिलकर भारत के लिए एक खास एआई जॉइंट वेंचर की घोषणा करके खुश हूं। हम ओपन-सोर्स एबाई की ताकत को रिलायंस के एनर्जी, रिटेल, टेलीकॉम, मीडिया और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों की गहरी समझ के साथ जोड़ना चाहते हैं। इसलिए, मेटा के साथ मिलकर हम एक खास वेंचर बना रहे हैं, जो भारत के लिए सॉवरेन और एंटरप्राइज-रेडी एआई लेकर आएगा।'*

## खबर संक्षेप

### हरियाणा के छात्र को पंजाब कोटे से मेडिकल में दाखिले से इनकार

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक आदेश में यह स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी छात्र अपने आधिकारिक दस्तावेजों में यदि स्वयं को हरियाणा निवासी घोषित करता है, तो वह बाद में पंजाब कोटे से प्रवेश पाने का दावा नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा कि एक व्यक्ति को एक साथ दो विपरीत बातें करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। इस मामले में याचिकाकर्ता लवजीत सिंह ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर यह मांग की थी कि उसे बीवीएससी एंड एएच (बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी) कोर्स में पंजाब की सामान्य श्रेणी (जनरल कैटेगरी) कोटे से दाखिला दिया जाए। छात्र का तर्क था कि उसने पूरी शिक्षा पंजाब में प्राप्त की है, इसलिए उसे पंजाब का उम्मीदवार माना जाना चाहिए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की दलील ठुकराते हुए कहा कि उसने स्वयं आवेदन पत्र में यह दर्ज किया है कि वह न तो पंजाब और न ही चंडीगढ़ का वासी है। दस्तावेज में पता हरियाणा का है।

### पीसीए के चेयरमैन के नियुक्ति के खिलाफ याचिका दाखिल

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी के चेयरमेन पद पर नियुक्ति व इसके लिए किए प्रावधानों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ बताते हुए खारिज करने की मांग करते हुए जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका पर हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।याचिका दाखिल करते हुए चंडीगढ़ निवासी रविंदर कुमार ने एडवोकेट नेहा मथारोआ के माध्यम से बताया कि पुलिस अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें सुनने के लिए विभिन्न राज्यों में पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार मामले में यह स्पष्ट कर चुका है कि पीसीए का चेयरमैन केवल हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का रिटायर जज ही हो सकता है। हरियाणा सरकार ने इस आदेश के खिलाफ जाकर नियमों में संशोधन कर अब पूर्व डीजीपी को भी पात्र लोगों की श्रेणी में रख दिया है। याची ने कहा कि पीसीए पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केस सुनती है और डीजीपी पुलिस विभाग का हिस्सा रह चुके होते हैं। ऐसे में कैसे वह जिस विभाग में रह चुके हैं उसके लोगों के खिलाफ शिकायतों पर सुनवाई कर सकते हैं। याची ने हाईकोर्ट से अपील की है कि हरियाणा सरकार द्वारा की गई इस व्यवस्था को खारिज किया जाए।

मुख्यमंत्री बोले- कांग्रेस गिर गई, गिरती जा रही, कांग्रेस नेता राहुल गांधी फ्रस्टेशन में

# नायब का राहुल पर पलटवार कांग्रेस के डीएनए में वोट चोरी

सीएम ने जोधपुर के माली संस्थान के कार्यक्रम में की शिरकत




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के आरोप लगाए जाने के मामले पर पलटवार करते हुए कहा कि वोट चोरी कांग्रेस के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि जब देश में पहले प्रधानमंत्री का चुनाव हो रहा था, उस समय जवाहरलाल नेहरू को एक वोट और सरदार वल्लभभाई पटेल को 14 वोट मिले थे। बूथ कैप्चरिंग कांग्रेस की ही देन है। शुक्रवार को जोधपुर में माली संस्थान के कार्यक्रम में भाग लेने आए हरियाणा के सीएम ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के मंच से पीएम और उनकी मां के लिए शब्द प्रयोग लिए गए उन पर कहा कि कांग्रेस गिर गई है, गिरती जा रही है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी फ्रस्टेशन में हैं। कांग्रेस बार-बार दांव लगा रही है, लेकिन इनका हर दांव फेल हो रहा है।

### राहुल और तेजस्वी का जन्म भ्रष्टाचार की दलदल में हुआ

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का जन्म ही भ्रष्टाचार के दलदल में हुआ है। राहुल भी भ्रष्टाचार के दलदल में पनपे हैं, तो उनकी भाषा कैसे ठीक हो सकती है। सैनी ने कहा कि पीएम मोदी ने जो तपस्या की है, गरीब व्यक्ति को जमीन से उठाकर अपनी छाती से लगाया है। उस व्यक्ति ने मेहनत कर भारत का नाम दुनिया में किया है। जबकि इनके समय में तो भारत का नाम भ्रष्टाचार के नाम से जाना जाता था। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है, यह इनको हजम नहीं हो रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जोधपुर में सुमेर शिक्षण संस्थान के 128वें स्थापना समारोह को बतौर मुख्य अतिथि किया। उन्होंने शिक्षा व अन्य सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 800 लोगों को सम्मानित किया।

### हिसार बाईपास को मंजूरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने हिसार शहर के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी हिसार-राजगढ़ रोड से शुरू होकर हिसार-दिल्ली रोड को पार करते हुए हिसार-कैथल रोड (एनएच-52) तक जाने वाले हिसार बाईपास के निर्माण प्रस्ताव को दी गई है। बाईपास की लंबाई लगभग 41 किलोमीटर होगी लागत लगभग 1900 करोड़ होगी।

### कपिल को शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी



### गणपति महोत्सव भारतीय संस्कृति आस्था और भाईचारे का संगम



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद के सेक्टर 12 में गणपति महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा किया गया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर आयोजित भव्य गणपति महोत्सव कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, आस्था और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला। पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को लगातार मजबूत किया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण, वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम का पुनरुद्धार, उज्जैन महाकाल कॉरिडोर का जीर्णोद्धार तथा कुरुक्षेत्र में कृष्ण धाम के विकास कार्य इसके उदाहरण हैं।

### भारत-अफ्रीका पांच व्यापारिक भागीदारों में शीर्ष पर



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल साउथ की भूमिका पर बल दे रहे हैं और विकासशील देशों की आवाज़ को मजबूती से उठा रहे हैं। आज जब पूरी दुनिया ग्लोबल साउथ की ओर देख रही है इसमें सामूहिक विकास के लिए सहयोग और साझेदारी की ज़रूरत है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली के ताज पैलेस में कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा आयोजित 20वें इंडिया—अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव - 2025 को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ की एकता से ही वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव है। उनकी इसी सोच पर भारत और अफ्रीका मिलकर भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

### गणेश चतुर्थी पर भजन संध्या में शामिल हुए राज्यपाल

**फरीदाबाद।** राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष व उनकी पत्नी मित्रा घोष ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुक्रवार फरीदाबाद के सेक्टर-12 में आयोजित भव्य भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने एवं उनकी धर्मपत्नी ने संध्या आरती कर भगवान गणेश का आशीर्वाद भी लिया। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक मूलचंद शर्मा, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा सहित अन्य नेता मौजूद रहे। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए।


## कार्यालय नगर परिषद भिवानी

### सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा नगर परिषद भिवानी क्षेत्र में स्थित आबादी देह तथा लाल डोरा के अर्न्तगत आने वाली सम्पतियों के अभियोगियों को सम्पति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने हैं।

नगर परिषद भिवानी के अर्न्तगत आने वाली सभी सम्पति आई०डी० जो कि लाल डोरा में स्थित हैं की सूची सम्पूर्ण विवरण सहित (कुल 56 आवेदन पत्र) नगर परिषद भिवानी के नोटिस बोर्ड, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, भिवानी, जिला नगर आयुक्त, भिवानी, कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर व उपमण्डल अधिकारी (ना०), भिवानी के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 29.08.2025 को प्रकाशित / चस्पा कर दी जायेगी। आप इस सूची का अवलोकन करके यदि सम्पति आई०डी० में दर्ज विवरण जैसे स्वामी के नाम, सम्पति का क्षेत्रफल, सम्पति में दर्ज मोबाइल न०, सम्पति की श्रेणी आदि विवरण को लेकर 15 दिन के अन्दर-2 (दिनांक 30.08.2025 से 13.09.2025, सांय 5 बजे) तक नगर परिषद कार्यालय भिवानी में अपने दावे/आपत्तियां लिखित में दर्ज करवा सकते हैं।

| क्र०सं० | नगर परिषद | स्थान | कर्मचारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | भिवानी | कमरा नं.-1 | श्री अशोक सांगवान, कर अधीक्षक मोबाईल न० -9812346346 व श्री नीरज, लिपिक मोबाईल नं० -7404246270 नगर परिपद भिवानी। |

सम्पति के स्वामित्व को सिद्ध करने हेतू शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचकूला द्वारा जारी पत्र क्रमांक DULB/DMC-HQ/2024/142 दिनांक 12.03.2024 में दिए गए निर्देशानुसार आपको निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे-

1. पिछले 10 वर्षों का बिजली बिल ।
2. पिछले 10 वर्षों का पानी का बिल।
3. कोई भी सरकार द्वारा जारी किया गया दस्तावेज जैसे वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि जिसमें पता शमिल हो।

**अधिकार के पिछले 10 वर्षों का पता लगाने के लिए आवश्यक वस्तावेज :-**

1. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के लिए सम्पति कर की रसीदें।
2. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के लिए निर्मित संरचना प्रमाण पत्र।

**दावाकर्ता द्वारा प्रदान किए जाने वाले दस्तावेजों की वांछनीय सूची निम्नलिखित है:-**

1. बिक्री विलेख / हस्तांतरण विलेख।
2. हस्तांरण विलेख/त्याग विलेख / मुक्ति विलेख/जमाबंदी/फरद ।
3. राजस्व अधिकारी के साथ पंजीकृत अदालत का आदेश।
4. रजिस्ट्री/बिक्री विलेख।

**नोट:**- मूल मालिक की मृत्यु के मामले में उपयुक्त उल्लेखित दस्तावेजों के साथ-2 सक्षम राजस्य प्राधिकरण, सिविल अदालत से जारी कानूनी / सिविल अदालत से जारी कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जरूरी है।

**हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी,**
**नगर परिषद भिवानी।**


### भाजपा सरकार के घोटाले की फेहरिस्त बढ़ती जा रही : हुड्डा



**चंडीगढ़ ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि भाजपा सरकार के घोटाले की फेहरिस्त लगातार बढ़ती ही जा रही है। हजारों करोड़ के बाद अब इस सरकार के घोटाले लाखों करोड़ का आंकडा पार कर चले हैं। खुद कैग रिपोर्ट में अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। यह हरियाणा के बजट से भी ज्यादा है। कैग की रिपोर्ट में खुलासा किया है कि विभिन्न विभागों में तमाम अनियमितताएं पाए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कैग ने की ऐसी गड़बड़ियां भी पकड़ी है, जिनमें ठेकेदारों को अवैध लाभ पहुंचाया गया। सबसे ज्यादा गड़बड़ी श्रम विभाग में पाई गई, इसके अलावा गेहूं खरीद ब्याज में, शहरी स्थानीय निकाय विभाग में , अन्य विभागों में जहां अधिक भुगतान किया गया, गेहूं के रखरखाव में भी ज्यादा ही की गड़बड़ी पाई गई। उन्होंने कहा कि सरकार हर घोटाले पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है।

### भारी बारिश व बाढ़ को लेकर विशेष सतर्कता बरते अधिकारी : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश और उससे उत्पन्न बाढ़ जैसे हालातों को गंभीरता से लेते हुए सभी उपायुक्तों को विशेष सतर्कता बरतने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को अलर्ट किया जाए और जिला प्रशासन निरंतर हालात पर नजर रखे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिला उपायुक्त अपने-अपने क्षेत्रों में नदियों के साथ लगते इलाकों का सर्वेक्षण करें और नदियों के किनारे बसे गांवों, बस्तियों और कॉलोनियों के लिए पहले से ही ठोस कार्ययोजना तैयार रखें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर आपातकालीन हालात से निपटने के लिए आवश्यक इंतज़ाम पूर्ण रूप से किए जाएं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में पानी भरता है तो तुरंत प्रभाव से राहत और बचाव कार्य शुरू किया जाए। ऐसे प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राहत शिविरों में पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयां और अन्य जरूरी सामग्री की व्यवस्था पहले से कर ली जाए, ताकि आपात स्थिति में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।


## THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT

### "E-TENDER NOTICE"

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Purchase of packing and jointing make Champion/Kalinger/spitman. | 2025_HBC_467967_1 |
| 2. | Purchase of different type of M.S, Superbond welding electrodes. | 2025_HBC_467979_1 |
| 3. | Purchase of spares for Hydraulic governor (BURNT) of mill Turbine S.S.-26 Make Europa. | 2025_HBC_467992_1 |
| 4. | Regarding repairing, overhauling and purchase of spares and fitting of feed pump turbo/turbine DOH-17 (AP BELLIS MAKE) | 2025_HBC_467994_1 |
| 5. | Regarding Reconditioning work of Internals Parts of Mill Turbine Reduction Gear Box 1600 HP, Allen berry Make) | 2025_HBC_468000_1 |
| 6. | Purchase of pinion Shaft of gear box of New Allen berry make. 01 no. | 2025_HBC_468006_1 |
| 7. | Regarding Upgrading/Purchase the Electroflux Magnet at Mill House. | 2025_HBC_468011_1 |
| 8. | Insulation and lagging work at various stations of the factory. | 2025_HBC_468016_1 |
| 9. | Dismantling, repairing and fitting of cane cutter assembly by new hubs along with trial and purchase of new hubs. (ECI/AMBA/NAVIN ENTERPRISES MAKE) | 2025_HBC_468032_1 |
| 10. | Replacement of Old dilapidated columns, trusses and purlins in boiling house. | 2025_HBC_468041_1 |
| 11. | Rate contract of boiler fire side chemical Thermact-B (Abhitech Make) | 2025_HBC_468075_1 |
| 12. | Supply of centralized bechem grease for lubricating system at millhouse along with A.M.C. and operation of the entire lubrication system Purchase of Planetary Gear Boxes. | 2025_HBC_468078_1 |
| 13. | Purchase of planetary gear boxes. | 2025_HBC_468082_1 |
| 14. | Rate contract of boilers chemicals for maintaining P.H. and TDS. | 2025_HBC_468084_1 |
| 15. | Regarding Annual Rate Contract for the purchase of various type of nut and bolt i.e. M.S. Nut & bolt, S.S. Nut & Bolt, H.T. Nut & bolt and Stud etc. | 2025_HBC 468100_1 |
| 16. | Regarding Annual Rate Contract of various sizes of valves i.e. C.L. Sluice Valves, Globe Valves, right angle valves, butterfly valves,diaphragm valves, rising and non-rising valves and gunmetal valves/S.S. ball type of valves/angle valves of different sizes etc. | 2025_HBC_468121_1 |
| 17. | Regarding RLA Remaining Life Assessment) of our both boilers as Sr. No.HA 111 & HA-112. | 2025_HBC_468128_1 |
| 18. | Civil Work (Lying of Interlocking Tiles/Paver Blocks | 2025_HBC_468672_1 |
| 19. | Overhauling and A.M.C. of V.F.D. of ABB, Amtech Siemens etc. make along with control panels. | 2025_HBC_468279_1 |
| 20. | Rate Contract of Rewinding the various type electrical motors. | 2025_HBC__468287_1 |
| 21. | Purchase of transmission gear | 2025_HBC__468291_1 |
| 22. | Regarding Supply and Commissioning of automatic power factor panel. | 2025_HBC__468294_1 |
| 23. | Purchase of pump and pump spares. i.e centrifugal pumps, high flow pumps, feed pumps. | 2025_HBC__468305_1 |
| 24. | Purchasing, Overhauling, reconditioning repairing work of vacuum filter 8'*16' and 10'*20' Replacement fitting servicing during off season 2025 | 2025_HBC__468312_1 |
| 25. | Purchase of tube cleaning equipment's of FFE'S Evaporators and Pan etc. | 2025_HBC__468332_1 |
| 26 | Purchase of instrument spares. | 2025_HBC__468335_1 |
| 27. | Purchase of New Electric Motors | 2025_HBC__468347_1 |
| 28. | Purchase Of ACC Sheet | 2025_HBC__468348_1 |
| 29. | Purchase of castable refractory, accoset normal, fire tiles of boiler roof. | 2025_HBC__468547_1 |
| 30. | Labour contract for repair and maintenance of mill gate weighbridge and out cane purchase centre. | 2025_HBC__468359_1 |
| 31 | Transportation of Sugarcane from OCPC | 2025_HBC__468374_1 |
| 32. | Labour contract for loading of sugarcane into trucks at out cane purchase centre. | 2025_HBC__468383_1 |
| 33. | A) Annual Rate contract for te purchase of all type sizes rubber tyres, tyre couplings and gear couplings etc. (hi tech/ Amba make). B) Purchase of various Type Of Rubber Goods. | 2025_HBC__468677_1 |
| 34. | Sale of Molasses. | 2025_HBC__468397_1 |
| 35. | Purchase of General Items | 2025_HBC__468403_1 |
| 36. | Rate Contract of Supply of Oxygen and LPG Gas Cylinders. | 2025_HBC__468578_1 |
| 37. | AMC repairing and calibration of hydraulic governor (Europe Type UG-40 make) of mill turbine S.S. 26 ap Bellies and Purchase of Spares. | 2025_HBC__468647_1 |
| 38 | Purchase of brass screens and supporting liners and SS wire Netting. (make P.P. Goyal, P.S. Goyal, Central Agency. | 2025_HBC__468595_1 |
| 39 | Purchase of Nickle Screen. | 2025_HBC__468590_1 |
| 40 | Purchase of Cane Cutting Knife (ECI MAKE) | 2025_HBC__468644_1 |
| 41 | Purchase of Microprocessor based three load cell. | 2025_HBC__468637_1 |
| 42 | Purchase of spare of power turbine 3 mw. | 2025_HBC__468573_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in . The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 05.09.2025 at 10.00 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 08.09.2025 at 9:30 A.M. and the negotiation will be held on 09.09.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/-Managing Director,**
**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd., Sonipat**


## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा के कार्य करेगी भाजपा : बड़ौली

■ गुरुग्राम में हुई भाजपा की प्रदेश स्तरीय दो महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें




**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में दो महत्वपूर्ण बैठकें हुई। इन बैठकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में होने वाले सेवा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इन बैठकों प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के साथ राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव महेंद्र पांडे, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया के अलावा सभी जिलों के अध्यक्ष, जिला प्रभारी और कार्यालय समिति के सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रीय कार्यालय सचिव ने बैठक में कार्यालयों की देख रेख और सुचारू व्यवस्था के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने सभी नेताओं का स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपालक्ष्य में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलेगा, इस दौरान कार्यकर्ता सेवा के कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनेक कार्यक्रम चलाए जाएंगे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

**SW/BSO/718**

मनकि दलबीर सिहं उर्फ दलवीर सिहं पुत्र चन्दर पुत्र हरचन्द, निवासी एवं बिस्वेदार गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 99 मिन/79/3, खाता न0 103 मिन, मु0 न0 23, किला न0 21/2(3–8), 22/1(5–8), मु0 न0 24, किला न0 1(6–19), 2/1(4–19), मु0 न0 54, किला न0 26(0–11), किते 5, तादादी रकबा 21 कनाल 5 मरले का 4543/67308 भाग, बकदर 1 कनाल 8.68 मरले व खेवट न0 147/111, खाता न0 151, मु0 न0 41, किला न0 21/1(7–8), मु0 न0 48, किला न0 10/2(2–8), 11(7–12), 12(8–0), किते 4, तादादी रकबा 25 कनाल 8 मरले का 1/4 भाग, बकदर 6 कनाल 7 मरले व खेवट न0 290/208/4, खाता न0 298, मु0 न0 22, किला न0 17/2(5–8), 18(8–0), 24/2 (7–12), 25(8–0), मु0 न0 25, किला न0 4(7–7), 5/2(3–19), मु0 न0 35, किला न0 18/2/1(1–0), 19/1/1(2–6), किते 8, तादादी रकबा 43 कनाल 12 मरले का 277/2171 भाग, बकदर 5 कनाल 11.26 मरले व खेवट न0 368/265, खाता न0 376, मु0 न0 47, किला न0 15/2(2–17) में से मिन पूर्व (0–17), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 17 मरले सालम भाग, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 14 कनाल 3.94 मरले (1.774625 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 25, किला न0 4 मिन पश्चिम (5–2.17), मु0 न0 47, किला न0 15/2 मिन पूर्व (0–17), मु0 न0 48, किला न0 11 मिन दक्षिण (7–2), 12 मिन दक्षिण (1–2.03), मु0 न0 54, किला न0 26 मिन (0–0.74), किते 5, तादादी रकबा 14 कनाल 3.94 मरले (1.774625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

**SW/BSO/719**

हमकि (1) बिमला देवी विधवा रमेश कुमार पुत्र रघबीर सिहं व (2) आशु गुलिया पुत्र रमेश कुमार पुत्र रघबीर सिहं उर्फ रघूबीर सिहं व (3) कार्तिक पुत्र अनिल कुमार पुत्र रघूबीर सिहं व (4) अनिल कुमार पुत्र रघबीर सिहं पुत्र चन्दर सिहं, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3652 विरासत, के अनुसार खेवट न0 14/14, खाता न0 15, मु0 न0 47, किला न0 6/1(3–8), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 8 मरले का 2/3 भाग, बकदर 2 कनाल 5.33 मरले (जिसमें कार्तिक 1/3 भाग व आशु गुलिया 1/3 भाग) व खेवट न0 98/79/2, खाता न0 102, मु0 न0 54, किला न0 11(7–9), मु0 न0 55, किला न0 15(7–18), किते 2, तादादी रकबा 15 कनाल 7 मरले का 28/139 भाग, बकदर 3 कनाल 1.84 मरले (जिसमें कार्तिक 14/139 भाग व आशु गुलिया 14/139 भाग) व खेवट न0 99 मिन/79/3, खाता न0 103 मिन, मु0 न0 54, किला न0 26(0–11), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 11 मरले का 12/71 भाग, बकदर 0 कनाल 1.86 मरले (जिसमें कार्तिक 6/71 भाग व आशु गुलिया 6/71 भाग) व खेवट न0 147/111, खाता न0 151, मु0 न0 41, किला न0 21/1(7–8), मु0 न0 48, किला न0 10/2(2–8), 11(7–12), 12(8–0), किते 4, तादादी रकबा 25 कनाल 8 मरले का 1/6 भाग, बकदर 4 कनाल 4.66 मरले (जिसमें बिमला देवी – आशु गुलिया हर दो समभाग 1/12 भाग अनिल कुमार 1/12 भाग) व खेवट न0 290 मिन/208/4, खाता न0 298 मिन, मु0 न0 35, किला न0 18/2/1(1–0), 19/1/1 (2–6), किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 6 मरले का 56/501 भाग, बकदर 0 कनाल 7.37 मरले (जिसमें कार्तिक 28/501 भाग व आशु गुलिया 28/501 भाग) व खेवट न0 461/339, खाता न0 474, मु0 न0 48, किला न0 10/1(5–12), किता 1, तादादी रकबा 5 कनाल 12 मरले का 4/9 भाग, बकदर 2 कनाल 9.77 मरले (जिसमें कार्तिक 2/9 भाग व आशु गुलिया 2/9 भाग), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 12 कनाल 10.83 मरले (1.5676875 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 47, किला न0 6/1(3–8), मु0 न0 48, किला न0 10/1(5–12), 10/2(2–8), 11 मिन उत्तर (0–10), 12 मिन उत्तर (0–10.97), मु0 न0 54, किला न0 26 मिन (0–1.86), किते 6, तादादी रकबा 12 कनाल 10.83 मरले (1.5676875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 29.08.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


# शाहबाद में स्थापित होगी सहकारी क्षेत्र की पहली सूरजमुखी तेल मिल

■ अजराना कलां में भूमि खरीदने के लिए 8.50 करोड़ रुपये मंजूर

**चंडीगढ़।** अब प्रदेश में सहकारी क्षेत्र की पहली सूरजमुखी तेल मिल कुरूक्षेत्र के शाहबाद में स्थापित होगी। इसके लिए सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत और पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने शाहाबाद से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव अजराना कलां में 8.97 एकड जमीन खरीद के लिए साढ़े 8 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि जमीन खरीद की प्रक्रिया को पूरी करने के साथ-साथ मिल स्थापना को लेकर आगामी प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सूरजमुखी उत्पादकों को प्रोत्साहित करने व उनकी फसल की खरीद सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 21 नवंबर 2024 को कुरुक्षेत्र जिला के शाहबाद में सूरजमुखी तेल मिल स्थापित करने की घोषणा की थी।

### सार्वजनिक-निजी भागीदारी : शर्मा

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मार्किट कमेटी शाहबाद के गांव अजराना कलां स्थित सबयार्ड के साथ 8.97 एकड जमीन खरीद के लिए साढे 8 करोड की राशि को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की पहली सहकारी क्षेत्र की सूरजमुखी तेल मिल की जमीन खरीद की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए हैं। सार्वजनिक-निजी भागीदारी तर्ज पर स्थापित होने वाली इस तेल मिल से कुरूक्षेत्र व आसपास के जिलों के सूरजमुखी उत्पादकों के साथ-साथ प्रदेश के लोगों को बडा लाभ मिलेगा। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि इसी तर्ज पर विभाग दक्षिण हरियाणा में भी सहकारी क्षेत्र की सरसों तेल मिल स्थापित करने जा रहा है। यहां बता दें कि हैफेड द्वारा स्थापित की जाने वाली सूरजमुखी तेल मिल स्थापित करने के लिए उपयुक्त जमीन ढूंढने के लिए जिला प्रबंधक हैफेड कुरूक्षेत्र, कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय) हैफेड व जिला प्रशासन के प्रतिनिधि की समिति गठित की गई थी। समिति द्वारा सबसे पहले गांव डीग में जमीन की तलाश की गई थी।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**सिरसा।** शहर क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालात में शुक्रवार को मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक युवक की पहचान 30 वर्षीय रिंकू के रूप में हुई है और वह चतरगढ़पट्टी एरिया का रहने वाला था। मृतक युवक रिंकू ऑटो चलाता था। परिजनों के अनुसार, रिंकू शाम घर पर ही था। उसी दौरान शाम को वह वॉशरूम के लिए गया था। जब घरवालों ने उसे संभाला तो वह बेसुध हालत में पड़ा था। उसने नशे की ओवरडोज ली हुई थी।

### निवेश के नाम पर ठगी मामले में आरोपी काबू

**रतिया।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा ठगी और धोखाधड़ी के मामलों में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए धोखाधड़ी के 10वें आरोपी सुखदेव सिंह निवासी गांव सहनाल को गिरफ्तार किया है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक व उसके बेटे पर हमला

**यमुनानगर।** गांव हाफिजपुर में प्लाट में सेफ्टी टैंक खाली करने से रोकने पर युवक ने अपने तीन साथियों के साथ सेवानिवृत शिक्षक व उसके बेटे पर हमला कर दिया। हमले के बाद से बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रैफर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों को नामजद करते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

पानीपत में पीडब्ल्यूडी ने बिना अधिग्रहण कर बना दी थी सड़क

# किसान का होगा बरसत रोड, 36 साल बाद हाईकोर्ट से मिला कब्जा



■ 36 साल तक लड़ाई लड़ते-लड़ते किसान रघुबीर सैनी की मौत हो चुकी अब पुत्र को मिला कब्जा

*इस जमीन पर 36 वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा बिना एक्वायर किए और बिना मुआवजा दिए ही सड़क पर कब्जा कर लिया गया था अब आया फैसला।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत की बरसत रोड स्थित किसान संजय गुप्ता के परिवार ने 36 साल बाद सेंशन कोर्ट के आदेश पर अपनी जमीन पर जेसीबी मशीन चलवाकर कब्जा लिया है। स्मरणीय है कि जमीन को 36 वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा बिना एक्वायर किए और बिना मुआवजा दिए ही भूमि पर कब्जा कर सड़क बनाई थी। संजय गुप्ता के परिवार ने मामले को लेकर 36 सालों में अपना हक पाने को न केवल कानूनी लड़ाई लड़ी, बल्कि सरकारी विभागों के कार्यालय में पानीपत से चंडीगढ़ तक खूब चक्कर भी काटे, हालांकि इसी लड़ाई के बीच 36 साल तक लड़ाई लड़ते-लड़ते संजय गुप्ता के शिकायकर्ता परिजन निधन हो चुका है और जबकि दूसरे शिकायकर्ता व एडवोकेट रघुबीर सैनी का गत दिनों निधन हुआ है।



**पानीपत।** बरसत रोड पर हाईकोर्ट के आदेश पर किसान को उसकी भूमि पर कब्जा दिलवाने को सड़क हटवाते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### 1989 से यह चल रहा केस

संजय गुप्ता ने बताया कि 1989 से यह केस चल रहा है, लंबें संघर्ष के बाद कोर्ट के आदेश से यह कब्जा पीडब्ल्यूडी वाले देने की कार्रवाई कर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क पर ट्राई एंगल में करीब साढे तीन सौ गज भूमि में जो सड़क पर है वहां पिलर लगाए गए हैं और इसकी हद बांध दी गई है कि यह आपकी जमीन है, आप चाहे इसे कैसे इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी की कार्रवाई जारी है, इनकी कार्रवाई के बाद ही हमें हमारी जमीन मिलेगी। दूसरी ओर, बरसत रोड पर करीब साढे तीन सौ भूमि पर उसके मालिक को कब्जा दिलवाने के चलते यातायात बाधित हो गया है। पुलिस ने दूसरे चौराहों से यातायात सुचारू करवाया है।



परिवहन मंत्री विज और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक

# आजादी की लड़ाई के पहले शहीद स्मारक का निर्माण कार्य अक्टूबर में होगा पूरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी एवं विभिन्न शीर्ष अधिकारियों के साथ अम्बाला छावनी में सन 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के निर्माण कार्य को लेकर निरीक्षण किया और समीक्षा बैठक की। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अफसरों को शहीद स्मारक का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि इसका उद्घाटन जल्द किया जा सके। बैठक के उपरांत मुख्य सचिव



अनुराग रस्तोगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहीद स्मारक का उद्घाटन करने के संबंध में कहा कि संभावना है कि प्रधानमंत्री जी शहीद स्मारक का उद्घाटन कर सकते है लेकिन इसका सही उत्तर प्रधानमंत्री कार्यालय दे सकता है। जैसे समय आएगा हम अपनी तरफ से पुरजोर अनुरोध करेंगे और उनका (प्रधानमंत्री कार्यालय) फैसला होगा तो वह शहीद स्मारक का उद्घाटन भी करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा सरकार का यह प्रयास है कि इस परियोजना को हरियाणा के बड़ी परियोजना के तौर पर विकसित करें। शहीद स्मारक की देश में शौहरत व मशहूरी हो ताकि देश व विदेश से पर्यटक यहां इसे देखने आ सके। मुख्य सचिव ने परियोजना के कार्यस्तर की जानकारी दी।

पंचकूला में सुरक्षा एजेंसियों की उच्च स्तरीय समन्वय बैठक

# आतंकी खतरों से निपटने पर मंथन

■ एनआईए के महानिदेशक दाते ने कहा कि आतंकवाद का बुनियादी ढांचा बदल रहा सुरक्षा एजेंसियों को कार्यप्रणाली को समयानुसार अपग्रेड करना होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला मोगीनंद में देश की शीर्ष सुरक्षा एजेंसियों आसूचना ब्यूरो, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) तथा उत्तरी राज्यों- पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व केंद्र शासित प्रदेश के पुलिस महानिदेशकों की उच्च स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में उत्तर भारत में उभरते आतंकवादी खतरों और संगठित अपराध की बदलती चुनौतियों से निपटने के लिए साझा रणनीति पर गहन विमर्श किया। बैठक का उद्देश्य आपसी तालमेल, क्षमता निर्माण तथा



प्रिवेंटिव स्ट्रैटेजी के ज़रिये सुरक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाना था। आतंकवाद का बदलता स्वरूप और नई चुनौतियां एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद का बुनियादी ढांचा निरंतर बदल रहा है। डिजिटल माध्यमों और नई तकनीकों के प्रयोग से आतंकियों की रणनीति भी पहले से कहीं अधिक जटिल हो गई है। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों को अपनी कार्यप्रणाली को समयानुसार अपग्रेड करना होगा। एजेंसियों को पता होना चाहिए कि कब, क्या और कैसे कार्रवाई करनी है।

महेंद्रगढ़ के व्यक्ति से ठगे थे 20 लाख

# फर्जी अधिकारी बन कर रहे थे डिजिटल अरेस्ट, 4 पकड़े

**नारनौल।** साइबर अपराध की दुनिया में 'डिजिटल अरेस्ट' एक नया और खतरनाक तरीका है, जिसमें अपराधी खुद को सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को ऑनलाइन फंसाते हैं। हाल ही में महेंद्रगढ़ पुलिस ने इसी तरह की ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह से जुड़े हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

**डिजिटल अरेस्ट का अर्थ**

डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी का एक तरीका है, जहां अपराधी खुद को सीबीआई, ईडी, या पुलिस अधिकारी बताते हैं। वे वीडियो या

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी



ऑडियो कॉल करके पीड़ित को धमकाते हैं कि उनका नाम किसी गंभीर आपराधिक मामले में आया है, जैसे कि मनी लॉनड्रिंग। इसके बाद वे पीड़ितों को डराकर उन्हें अपने झांसे में ले लेते हैं और उनसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाते हैं।

सड़क हादसे की गुत्थी सुलझी

# दुर्घटना की आड़ में की गई थी वारदात, धर दबोचा

**भूना।** भूना में हुए एक कथित सड़क हादसे की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए इसे एक सुनियोजित हत्या करार दिया है। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को एक और आरोपी दिनेश उर्फ गग्गू को गिरफ्तार कर लिया है, जो वारदात से पहले रैकी करने और उसे सड़क हादसे का रूप देने में मुख्य भूमिका निभा रहा था। इससे पहले पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। फिलहाल दो अन्य आरोपी पारता और नाढोड़ी गांव के रहने वाले है जो अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।डीएसपी रतिया नर सिंह ने बताया कि 19 अगस्त 2025 को अमनदीप सिंह निवासी वार्ड नंबर एक ने थाना भूना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, वह अपने दोस्तों को भूना बस स्टैंड छोड़ने गया था, तभी एक स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके दोस्त विजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।



दलगत सियासत से ऊपर उठकर पंजाब सीएम को भेजा पत्र, हर समय मदद के लिए तैयार

# सीएम नायब सैनी ने जताई पंजाब में बाढ़ पर चिंता

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के कई जिलों में आई बाढ़ को लेकर चिंता जाहिर करते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने प्राकृतिक आपदा में हुए जानमाल के नुकसान पर चिंता जाहिर की साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे किसी भी प्रकार की मदद के लिए हर समय तैयार हैं। हरियाणा मंत्री समूह की बैठक के बाद में लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर मीडिया को ब्रीफिंग करने आए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के हालात को लेकर एक



एसवाईएल और बीबीएमबी के पानी को लेकर कई बार आमने सामने हो चुकी सियासत

सवाल के जवाब में चिंता जाहिर की साथ ही खुलासा किया कि पंजाब के कई जिलों में हालात को लेकर उन्होंने पंजाब के सीएम भगवंत मान को पत्र लिखकर किसी भी तरह की सहायता के लिए हरियाणा तैयार है। इसलिए वे किसी भी वक्त निःसंकोच बताएं तो हरियाणा मदद के लिए तैयार है। सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता भगवंत मान को यह पत्र लिखकर एक तीर से कई निशाने साधे हैं, क्योंकि एसवाईएल के पानी को लेकर पंजाब हरियाणा में विवाद चल रहा है। पंजाब पानी की कमी होने की बात कहकर पानी नहीं दे रहा, जबकि सूबे के सीएम नायब सैनी पंजाब और हरियाणा के रिश्तों की दुहाई देकर इस मामले में शांतिपूर्ण हल की वकालत कर रहे हैं। एसवाईएल ही नहीं बल्कि बीबीएमबी के पानी को लेकर भी पिछले दिनों जमकर सियासत हुई थी। जिसके बाद केंद्र ने वहां पर सीआईएसएफ लगा दी है।

### पंजाब में चुनावी राजनीति

बता दें कि पंजाब में करीब एक साल बाद विधानसभा चुनाव हैं और भाजपा ने नायब सिंह सैनी को पंजाब में गतिविधियां बढ़ाने के संकेत दे रखे हैं। नायब सैनी पिछले छह माह के दौरान आधा दर्जन से अधिक बार पंजाब के विभिन्न जिलों और धार्मिक स्थलों का दौरा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब के सीएम को लिखे पत्र की जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब में बाढ़ की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। बाढ़ की कठिनाइयों के बारे में जानकर काफी दुख हो रहा है। इस प्राकृतिक आपदा में पंजाब के हमारे भाई-बहन भारी कष्ट झेल रहे हैं, हम इस संकट के वक्त में पंजाब के साथ खड़े हैं। पंजाब सरकार को किसी प्रकार की सहायता सामग्री, बचाव दल, चिकित्सा सहायता या अन्य संसाधनों की आवश्यकता हो तो निसंकोच अवगत कराएं।

# डीएससी परिवार की नाबालिग बेटी को अगवा करने की कोशिश, विरोध करने पर मारा-पीटा

ग्रामीणों की सतर्कता से बची बच्ची, चार गंभीर घायल, एक ही परिवार के सदस्य शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

हसंगा गांव में गुरुवार देर रात एक डीएससी परिवार की नाबालिग बेटी को अगवा करने की कोशिश के दौरान नशे में धुत हथियारबंद युवकों ने घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। इस हमले में परिवार की बुजुर्ग महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 72 वर्षीय कृष्णा देवी, 22 वर्षीय हैप्पी, 16 वर्षीय आशा और 11 वर्षीय अभिनव शामिल हैं। कृष्णा देवी और हैप्पी के पैरों और हाथों की



**भूना।** अस्पताल में उपचाराधीन घायल।

हड्डियां तोड़ दी गईं। हमलावर चार बाइक और एक कार में सवार होकर आए थे। कुल संख्या 10 से अधिक बताई जा रही है। ग्रामीणों की सतर्कता और साहस से नाबालिग को छुड़वा लिया गया, लेकिन कुछ हमलावर उसे उठाकर ले गए थे। जब ग्रामीणों ने पीछा किया और ललकारा, तो आरोपी बच्ची को स्कूल के पास फेंककर भाग निकले। गनीमत रही कि बच्ची सुरक्षित है। पीड़िता की दादी कृष्णा देवी ने आरोप लगाया कि सभी युवक नशे की हालत में थे और लोहे की रॉड व तेजधार हथियार लेकर आए थे। पोती को अगवा करने का विरोध किया तो हमलावरों ने जानवरों की तरह पीटना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए न केवल लड़की को बचाया, बल्कि हमलावरों को भागने पर मजबूर कर दिया।

महिला को बचाने के चक्कर में हादसा

# निजी बस से टकराया ट्राला दो सवारियों को आई चोटें

**फतेहाबाद।** शुक्रवार सुबह भट्टू-हिसार रोड पर दो महिलाओं को बचाने के चक्कर में ट्राला वहां से जा रही निजी बस से जा टकराया। बस चालक ने सुझबुझ दिखाते हुए बस को कच्चे रास्ते पर उतार लिया, जिससे बड़ा हादसा बच गया। हादसे में दो सवारियों को मामूली चोट आई हैं। दोनों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। दोनों वाहनों के भिडऩे से रास्ते पर जाम लग गया। सूचना पाकर सदर थाना और बड़ोपल चौकी पुलिस मौके पर



पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद रास्ता खुलवाने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान ग्रामीणों की भी काफी भीड़ एकत्रित हो गई। बस में केवल 5-7 सवारियां बैठी थी।

हिसार डिपो की बस हांसी से जुलाना जा रही थी

# स्टेरिंग फेल होने से रोडवेज बस गड्ढे में गिरी, बाल-बाल बच्चे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो की बस हांसी से जुलाना जा रही थी। गांव बास के पास अचानक से स्टेरिंग फेल हो गया जिसके कारण बस गड्ढों में जा गिरी। बस में सवार करीब 40 यात्री बाल बाल बच गए। हादसे में बस चालक बिजेंद्र को हल्के चोटें आई हैं। सभी यात्रियों को बस से सुरक्षित निकालकर उनके गंतव्य तक भेजा गया है। हरियाणा रोडवेज हांसी सब डिपो की बस सुबह करीब



**नारनौंद।** गांव बास के पास गड्ढों में गिरी हुई बस। फोटो : हरिभूमि

11 बजे हांसी से जुलाना जाने के लिए हांसी बस स्टैंड से सवारियां लेकर निकली थी। जब बस गांव बडाला से बास की तरफ जा रही थी तो गांव बास के नजदीक सड़क पर एक गड्ढा आया जिसके कारण बस की टायराड की गोली निकल गई और स्टेरिंग फेल हो गया। चालक बिजेंद्र ने स्टेरिंग फेल होते ही सभी सवारियों को सचेत कर दिया और हिम्मत दिखाते हुए ब्रेक की सहायता से बस को गड्ढों में उतार दिया। सभी सवारियां इस हादसे में बाल बाल गई। सभी यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल मच गया था लेकिन चालक ने सूझबूझ से हादसे को टाल दिया।

### दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के लिए वरदानः आरती राव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय हरियाणा की बेटियों और बहनों के जीवन में आर्थिक आत्मनिर्भरता का एक नया अध्याय लिखेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना 'सशक्त महिला-समृद्ध समाज-विकसित हरियाणा' के विजन को और मजबूत बनाती है। इस पहल से महिलाएं न केवल परिवार की आय में योगदान देंगी, बल्कि आत्मविश्वास के साथ समाज में भी अपनी भूमिका निभाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार और समाज की नींव तभी मजबूत होती है जब महिलाएं सशक्त होती हैं।

आवेदक 17 सितम्बर तक कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरण

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न 32 विभागों में उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदक 17 सितम्बर तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने दाखिला पोर्टल की शुरुआत पर कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अध्ययन-अध्यापन, नवाचार, कौशल विकास के साथ-साथ अनुसंधान के लिए प्रयासरत है।

### दाखिला पोर्टल शुरू




विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने दाखिला पोर्टल की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में अनुसंधान अति महत्त्वपूर्ण कारक है और इस दाखिला प्रक्रिया के माध्यम से ऐसी ही होनहार प्रतिभाओं को अवसर प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान व शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने भी पीएचडी दाखिला पोर्टल की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त किया। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने दाखिला प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न 32 विभागों में कुल 238 पीएचडी की सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आगामी 17 सितम्बर तक चलेगी। आगामी 18 सितम्बर को प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा पांच पाठ्यक्रमों होटल मैनेजमेंट, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और फार्मास्युटिकल साइंसेज के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए 18 सितम्बर को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

### *प्रवेश परीक्षा का आयोजन 22 सितम्बर को होगा*

*इन पांच पाठ्यक्रमों में गेट/जीपीएटी के अंतर्गत आने वाले आवेदक इस प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त होंगे। पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 23 सितम्बर से शुरु होंगे और सीटें रिक्त रहने पर दूसरी सूची 30 सितम्बर को जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं परिषद शाखा के सहायक कुलसचिव डॉ. अमित कुमार ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए अभ्यर्थी लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय विभिन्न विभागों के प्रमुख, शिक्षक व अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।*

केसः 22 जुलाई 2024 को दर्ज हुआ था

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के जुर्म मे दोषी को बीस साल का कारवास तथा बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी का दो साल का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा। अदालत में चले अभियोग के अनुसार अलेवा थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने 22 जुलाई 2024 को पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि था कि गाव कबूलपुर खेड़ा करनाल निवासी सुमित का उनके पड़ोस में नाना का



घर है। छह जून 2022 को सुमित शादी में यहां पर आया हुआ था। जिसने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया ओर घटना के बारे मे बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।जब भी आरोपित अपने मामा के घर आता उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करता। यह सिलसिला 11 दिसंबर 2023 तक चलता रहा। आरोपित ने उसकी बेटी को परेशान भी करना शुरू कर दिया। महिला थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर आरोपित सुमित खिलाफ मामला दर्ज किया था।

■ सरकार उद्योगों को तनाव व कठिनाइयों का सामना नहीं करने देना चाहती

■ उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा क्षेत्र पर असर

## अमेरिका की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न हुई स्थिति

# सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही कई कदम उठाएगी : गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए घरेलू एवं वैश्विक पहुंच बढ़ाने को लेकर जल्द ही कई कदम उठाएगी। उन्होंने निर्यातकों को व्यापार के मोर्चे पर किसी देश की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। इस उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा जैसे कुछ श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है।

### उद्योग जगत से प्रभावित क्षेत्रों का पता लगाने का आग्रह

गोयल ने उद्योग जगत के एक कार्यक्रम में कहा, '' सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आप सभी को किसी एकतरफा कार्रवाई से उत्पन्न वर्तमान स्थिति को संभालने में किसी भी तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने उद्योग जगत से उन क्षेत्रों का पता लगाने का भी आग्रह किया जो इन शुल्क से प्रभावित हो सकते हैं और जिन्हें वैकल्पिक बाजारों की आवश्यकता है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने हरसंभव मदद का आश्वासन

### जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाया जा रहा

*केंद्र ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) के समक्ष पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। गोयल ने कहा कि सरकार निर्यात में विविधता लाने के लिए भारतीय दूतावासों सहित सभी संबंधित पक्षों के साथ परामर्श कर रही है।*

### घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर जोर



*मंत्री ने कहा, '' हम वाणिज्य मंत्रालय में, अपने दूतावासों के माध्यम से दुनिया के अन्य हिस्सों तक पहुंच रहे हैं ताकि उन अन्य अवसरों की तलाश की जा सके जिनका हम लाभ उठा सकते हैं। हम घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर भी विचार कर रहे हैं.. उन्होंने कहा, '' आप जल्द ही अगले सप्ताह जीएसटी परिषद की बैठक देखेंगे... ताकि इन बदलावों का प्रभाव आप सभी को बहुत जल्दी महसूस हो सके और इससे पूरे घरेलू विनिर्माण क्षेत्र में मांग को तेजी से बढ़ावा मिल सके।''*

***वैश्विक बाजार में भारत का निर्यात हिस्सा कम*** *वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में भारत का निर्यात हिस्सा कम है, इसलिए हमें व्यापार के मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बारे में बहुत अधिक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।*

**सरकार प्रत्येक क्षेत्र को सहायता देने कदम उठाएगी** : गोयल ने कहा, '' मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि आने वाले दिनों में सरकार प्रत्येक क्षेत्र को सहायता देने के लिए विभिन्न कदम उठाएगी। इससे घरेलू पहुंच का विस्तार होगा तथा विश्वभर के अन्य बाजारों में पूरक अवसरों की तलाश होगी जिससे हमारी वैश्विक पहुंच बढ़ेगी।

### हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा

गोयल ने कहा, '' हम नए बाजारों का रुख करेंगे... मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस साल हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा।'' मंत्री ने कहा कि देश ने अतीत में कोविड-19 वैश्विक महामारी और परमाणु प्रतिबंधों जैसे संकटों का सफलतापूर्वक सामना किया है। निर्माण क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में लगभग 10 लाख मकानों की मांग है।

### हम अच्छे व्यापार समझौते के लिए तैयार

गोयल ने कहा कि अगर कोई देश भारत के साथ अच्छा व्यापार समझौता करना चाहता है तो ''हम उसके लिए हमेशा तैयार हैं।'' उन्होंने कहा कि लेकिन अगर कोई हमारे साथ भेदभाव करने की कोशिश करता है तो... मुझे लगता है कि भारत की 140 करोड़ की आबादी में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान है। इसे ध्यान में रखते हुए हम कभी झुकेंगे नहीं, न ही कभी कमजोर होंगे, हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे...।''

# सोना 2,100 रुपये उछलकर नए शिखर पर, चांदी फिसली

■ सोना उछलकर 1,03,670 रुपए प्रति दस ग्राम

■ चांदी 1,000 रुपए लुढ़ककर 1,19,000 रुपए किलो

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की लिवाली जारी रहने और रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 2,100 रुपये उछलकर 1,03,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक दिन पहले यह 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।इससे पहले, 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना आठ अगस्त को क्रमशः 1,03,420 रुपये और 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर थे। उस समय सोने की कीमतों में 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई थी। इससे पहले सात अगस्त को सोने की कीमत में 3,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी वृद्धि दर्ज की गई थी। कमजोर रुपये और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।''



### चांदी अपने उच्च स्तर से टूटी

कीमती धातु की कीमतों में 3,300 रुपये यानी 3.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बीच, चांदी की कीमत अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 1,000 रुपये टूटकर 1,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 4.38 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 695.11 अरब डॉलर पर था। विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.65 अरब डॉलर घटकर 582.25 अरब डॉलर रहीं।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Sagar Sharma**
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
**Surender**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRSOA0-000287-2025
Next Date : 18.09.2025
Suit for Declaration
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**:-General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat**
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 02.08.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Sagar Sharma**
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
**CANARA BANK**
**Vs.**
**SANGEETA**
CNR No. HRSOA0-000365-2024
Next Date : 17.10.2025
Suit for Recovery of Rs. 1,35,822/-
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Sangeeta wife of Karambir R/o H.No. 664, Near Shiv Mandir, Village Bhogipur, Tehsil Ganaur, Distt. Sonipat. Mob. 08814984045. Also at- H.No. 275, Village Agwanpur, Tehsil Ganaur Distt. Sonipat**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **17.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat**
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 22.08.2025

# शुल्क की चिंता में शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट



■ सेंसेक्स 271 और निफ्टी 74 अंक लुढ़का

■ उच्च अमेरिकी शुल्क से पैदा हुआ दबाव

■ विदेशी पूंजी की लगातार निकासी जारी रही

**मुंबई।** उच्च अमेरिकी शुल्क से पैदा हुए दबाव और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 271 अंक और निफ्टी में 74 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिए जाने के बाद से ही निवेशकों की धारणा सतर्क बनी हुई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 270.92 अंक टूटकर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 74.05 अंक की गिरावट के साथ 24,426.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.96 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, इन्फोसिस, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, /''भारतीय निर्यातों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिए जाने से उपजी चिंताओं के चलते निफ्टी 74 अंकों की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ।

### प्रतिस्पर्धा क्षमता पर असर पड़ने की आशंका

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''अमेरिकी शुल्क के पूरे प्रभाव को समझने की कोशिशों के बीच निवेशकों की धारणा सतर्क रही। इस मुद्दे के बने रहने से कुछ क्षेत्रों में भारत के निर्यात की भावी प्रतिस्पर्धी क्षमता पर असर पड़ने की आशंका है।/''

# रेलवे ने आयोजित किया जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम

■ सुरक्षा एवं समानता सुनिश्चित करने में पूर्व तट रेलवे है मील का पत्थर

**खोरठा रोड (हरिभूमि न्यूज)।** सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पूर्व तट रेलवे के खोरधारोड मंडल ने पलासा में यौन उत्पीड़न रोकथाम (पीओएसएच) अधिनियम, 2013 पर एक व्यापक जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की समझ और अनुपालन को बढ़ावा देना तथा कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के प्रति मंडल की शून्य-सहिष्णुता नीति को सुदृढ़ करना था । इस सत्र में तपस्विनी महानंदिया, सहायक कार्मिक अधिकारी सह विशाखा आंतरिक समिति की कार्यकारी सदस्य एवं खोरधारोड मंडल के शी बॉक्स की नोडल अधिकारी ने विस्तृत और व्यावहारिक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने महिला कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में पलासा में तैनात फ्रंटलाइन स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो एक सम्मानजनक और उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल,कर्मचारी अधिकारों को बनाए रखने, लैंगिक संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं समानता सुनिश्चित करने में उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए पूर्व तट रेलवे के व्यापक प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है ।

# रुपया 61 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बढ़ते तनाव के बीच रुपया शुक्रवार को पहली बार 88 के स्तर को पार कर गया। यह 61 पैसे की भारी गिरावट के साथ 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के भारी शुल्क लगाने, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और महीने के अंत में अमेरिकी डॉलर की मांग से रुपया लगातार दबाव में है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

**रुपए पर और दबाव पड़ सकता है :** मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक (मुद्रा एवं कमोडिटी) अनुज चौधरी ने कहा, '' हमारा अनुमान है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने से भारत के व्यापार घाटे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी. जिसका विवरण सारणीबद्ध है:–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई-कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | रेलवे स्टेशन के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03 रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचलान एवं रख–रखाव के ठेका | UMB-Mix-22-2025 | शिमला (PF No-1A), अम्बाला शहर एवं राजपुरा (PF No-1) | 04.09.2025 को 15:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये। **2627/25**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | वार्ड नं. 27, एम.सी. नारनौल में बुधु माता मंदिर से महावीर डेयरी तक स्टॉर्म वाटर पाइप्स का प्रावधान व बिछाना + 6 कार्य। | 26.08.2025 02.09.2025 | रु. 42,59,296/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 eo-narnaul@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38220/I/88/6 दि. 29.08.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड (वीटा) | दुग्ध संयंत्र, रोहतक के विभिन्न स्थानों पर एशियन/नेरोलक/बर्जर पेंट सहित हमारी अनुमोदित डिजाइन के अनुरूप विभिन्न रंगों सहित मिल्क बूथ, वॉल और वाहन पेंटिंग तथा लिखाई हेतु ई-निविदा। | 30.08.2025 19.09.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38225/I/88/6 दि. 29.08.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | फेज-I, आईएमटी रोहतक में एक वर्ष के लिए खरपतवार, वाटरिंग, डैप इत्यादि समेत नये पौधों का रखरखाव और ब्रश कटर द्वारा अनचाही घास की ट्रिमिंग। | 27.08.2025 02.09.2025 | रु. 14.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050575109 ia.rohtak@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38231/I/88/6 दि. 29.08.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक में शीला टी-प्वाइंट (शीला सिनेमा के निकट) पर ट्रैफिक लाइट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन + 2 कार्य। | 26.08.2025 03.09.2025 | रु. 72.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | मॉडल टाउन, वार्ड नं. 14, रोहतक में म. नं. 2आर और 174आर-173एल से म. नं. 10एल तक गली का निर्माण + 1 कार्य। | 26.08.2025 03.09.2025 | रु. 52.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक की सीमाओं के अंदर घूमने वाले आवारा मवेशी (गाय, बछड़ा, सांड) को पकड़ने और गांव पहरावर गऊशाला में उनको छोड़ने / भेजने के सम्बन्ध में। | 28.08.2025 04.09.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/38212/I/88/6 दि. 29.08.25

**नीलामी सूचना**
नागरिक अस्पताल भिवानी में स्टोर व विभिन्न शाखाओं से संबंधित नकारा, अनुपयोगी व कंडम घोषित सामान की नीलामी दिनांक 08-09-2025 को दोपहर बाद 3 बजे नागरिक अस्पताल भिवानी के स्टोर में की जानी है। उक्त बोली/नीलामी के लिए नीलामी फीस 500/- रूपये का भुगतान करना होगा जो कि वापिस नहीं होगी। इसके अतिरिक्त बोलीदाता को 5000/- रूपये सिक्योरिटी जमा करवानी होगी जो बोली उपरांत वापिस कर दी जाएगी। सामान की नीलामी के पश्चात बोली की 25 प्रतिशत राशी सफल बोलीदाता को तुरंत जमा करवानी होगी व शेष राशी सामान उठाने से पहले जमा करवानी होगी। बोली के बाद सामान का उठान तीन दिन के अंदर-अंदर करना होगा। कंडम सामान किसी भी कार्य दिवस नागरिक अस्पताल भिवानी के स्टोर में देखा जा सकता है। अन्य नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएगी व नीलामी को रद्द करने का पूर्ण अधिकार कमेटी का होगा।
**हस्ता/-प्रधान चिकित्सा अधिकारी**
**नागरिक अस्पताल भिवानी।**
पीआरडीएच 1058/11/1149/2026/38202/88/6 दि. 29.08.2025

**कार्यालय मार्किट कमेटी, सफीदों (जीन्द)**
**बोली सूचना**
आप सभी सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मार्किट कमेटी, सफीदों द्वारा कार्यालय के प्रांगण में नई अनाज मण्डी सफीदों में आने वाली कृषि उपज की सफाई के उपरान्त बकाया बचा छिलका, झार, कबाड़ा (Residuce) इत्यादि उठाने के कार्य (बोली तिथि से 31.08.2026 तक होगा) की खुली बोली दिनांक 01.09.2025 को दोपहर 12:00 बजे की जायेगी।
अतः सभी इच्छुक ठेकेदार / व्यक्ति फर्म दिनांक 01.09.2025 सुबह 11:00 बजे तक उपरोक्त कार्य के लिए रूपये 10000/- (दस हजार) की धरोहर राशि जमा करवा दें। असफल बोली दाता की धरोहर राशि उसी समय वापिस कर दी जायेगी। सफल बोली दाता को बोली समाप्त होते ही बोली राशि का 25% तुरन्त तथा बकाया 75%, 24 घण्टें के अन्दर-2 जमा करवाना होगा। विस्तृत जानकारी एवं बोली फार्म प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय मार्किट कमेटी, सफीदों से सम्पर्क करें व अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जायेंगी।
**सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी, सफीदों।**
**प्रशासक, मार्किट कमेटी, सफीदों।**
**(01686-262004)**
संवाद 1284/11/968/2026/38189/C/88/6 दि. 29.08.2025

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
**सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त**
**अशोक क्लीनिक**
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## राशिफल

**मेष** — रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5973




**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी,रजा-4
3. वध,आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल,अनूठा-3
8. अनाथ,बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार,सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में,दौरान-3
24. खुश,आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना,परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना,मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना,वचन तोड़ना-4
7. फिजूल,व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग,गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश,मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली -5972 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | ■ | ■ | ■ | मु | का | ब | ला |
| मी | ■ | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | ■ | ज |
| श | ब | ■ | न | या | ■ | न | दी | ■ | जी | वा |
| न | र | क | ■ | न | म | क | ■ | ख | रा | ब |
| ■ | दा | म | न | ■ | जा | ■ | न | फा | ■ | ■ |
| ■ | न | ■ | ख | त | ■ | म | न | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | सा | रा | ■ | आ | ■ | द | म | न | ■ |
| अ | ना | र | ■ | र | स | म | ■ | त | ह | री |
| मा | ता | ■ | ल | क | ■ | सौ | त | ■ | र | त |
| न | ■ | ■ | च | म | क | दा | र | ■ | ■ | स |
| त | क | दी | र | ■ | ■ | ■ | ल | ल | का | र |



## असम में केंद्रीय मंत्री ने मोदी को कहे अपशब्द पर किया पलटवार

# पीएम को जितनी गाली दोगे उतना कमल खिलेगा : शाह

भाषा ▶▶| गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान पीएम मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए कहे गए ''अपशब्दों'' के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जितनी भी गालियां पीएम मोदी को दे, लेकिन एक बात गांठ बांध ले। जितनी ज्यादा गालियां मोदी जी को दोगे कमल उतना ही खिलेगा। शाह ने दावा किया कि बिहार में गांधी की 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' के साथ उनकी राजनीति 'निम्नतम स्तर' पर पहुंच गई है। उन्होंने यहां राजभवन की नवनिर्मित इकाई ब्रह्मपुत्र का उद्घाटन करने के बाद कहा कि राहुल में थोड़ी भी शर्म बची है तो माफी मांगनी चाहिए।



### राजभवन के अंदर मंदिर में पूजा-अर्चना और गो पूजन

इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने राजभवन के अंदर मंदिर में पूजा-अर्चना की, गौ पूजन किया और सिंदूर का पौधा लगाया। कार्यक्रम स्थल पर राज्यपाल लक्ष्मी प्रसाद और मुख्यमंत्री हिमंत सरमा ने उनका स्वागत किया।

### मोदी को 27 देशों ने सम्मानित किया

शाह ने कहा कि 27 देशों ने मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया। एक ऐसा पीएम जिसका पूरी दुनिया सम्मान करती है। असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा की जन्मशताब्दी के अवसर पर शुक्रवार को आयोजित समारोह में उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। समाजवादी नेता और स्वतंत्रता सेनानी, बोरबोरा इस पूर्वोत्तर राज्य से राज्यसभा के लिए चुने जाने वाले पहले विपक्षी सदस्य थे। भारत की राजनीति में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से नकारात्मक राजनीति की शुरुआत की है उसका निम्नस्तरीय प्रदर्शन घुसपैठिया बचाओ यात्रा में देखने को मिला। शाह ने कहा कि घुसपैठिया बचाओ यात्रा कांग्रेस के वोट बैंक की रक्षा के लिए है। किसी भी लोकतंत्र में चुनाव उसकी आत्मा होता है।

### इस पर सियासत

बिहार में चुनावी माहौल के बीच कांग्रेस के 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान दरभंगा में कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता ने पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें मंच पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव के पोस्टर नजर आए। भाजपा ने इस मामले में पटना के कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की और कांग्रेस से माफी की मांग की है।

### फिर कांग्रेस का पलटवार

## 'वोटर अधिकार यात्रा' को मिले जनसमर्थन से घबराकर राहुल के बारे में झूठ फैला रहे शाह



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' को मिल रहे जनसमर्थन से घबराकर वह राहुल गांधी के बारे में झूठ फैला रहे हैं। शाह ने असम में कहा कि बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनकी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए कहे गए 'अपशब्दों' के लिए माफी मांगनी चाहिए। इसको लेकर रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''केंद्रीय गृह मंत्री, दुर्भावनापूर्ण तरीके से बदनाम करने और ध्यान भटकाने की कला में माहिर माने जाते हैं। बिहार में कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' को मिल रहे जबरदस्त जनसमर्थन से घबराए, असहज और बौखलाए गृह मंत्री अब राहुल गांधी और अन्य नेताओं के बारे में झूठ फैलाने में लगे हुए हैं।''

### ये वीडियो सामने आया

दरअसल, एक वीडियो सामने आया था जिसमें एक व्यक्ति दरभंगा में यात्रा के दौरान बनाए गए मंच से मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करता हुआ दिखाई दे रहा है। इसी स्थान से राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव मोटरसाइकिल से मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुए थे।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम पानीपत | एम.सी. पानीपत के तहत मशीन वाउंड स्पायरल लाइनिंग (एमडब्ल्यूएसएल) टेक्नोलॉजी द्वारा हैंड फैब फैक्टरी से चौटाला रोड सेक्टर-29 तक मेन वाईएपी सीवर लाइन 1800 मिमी आई/डी का मजबूतीकरण/पुनः स्थापना + 1 कार्य। | 27.08.2025 17.09.2025 | रु. 39,23,19,655/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466076249 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38222/I/88/6 दि. 29.08.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | टी/एफ हेतु 6 वर्ष की और सभी अन्य मदों के लिए 3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत सेक्टर-7 और 8 (पार्ट) सोनीपत (बी/डब्ल्यु) में सभी सम्बद्ध कार्यों सहित 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर का प्रावधान (जीएसटी समेत) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.09.2025 | रु. 1,23,00,444/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrik@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38209/I/88/6 दि. 29.08.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | वार्ड नं. 1, महेन्द्रगढ़ में अनाज मण्डी गेट से संजय मित्तल के निकट रेलवे स्टेशन तक रोड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 02.09.2025 | रु. 33.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy-mgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38213/I/88/6 दि. 29.08.25


## खबर संक्षेप

### आप को झटका, रावल ने पार्टी से दिया इस्तीफा

अहमदाबाद। गुजरात में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी आप को बड़ा झटका लगा है।



वरिष्ठ नेता चेतन रावल ने इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया है। रावल ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है, लेकिन अटकलों को दौर शुरू हो गया है। पार्टी के मुखिया इशुदान गढ़वी को इस्तीफे में व्यक्तिगत कारणो बताया है।

### आकाश आनंद बसपा के राष्ट्रीय संयोजक बने

**लखनऊ (भाषा)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पदोन्नत करके उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया है। आकाश अब बसपा में दूसरे नंबर के ताकतवर नेता हो गए हैं। अभी तक आकाश आनंद पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभा रहे थे।

### आगरा में तैनात एसडीएम की मौत

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आगरा में तैनात अपर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार जायसवाल की मौत हो गई। उनका



चालक गंभीर रूप से घायल है। घायल चालक को सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सुको का केंद्र से सवाल अमेरिका जैसी दीवार बनाना चाहते हो

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट केंद्र से सवाल किया कि क्या वह अवैध प्रवासियों का देश में प्रवेश रोकने के लिए सीमा पर अमेरिका जैसी दीवार बनाना चाहता है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस पंचोली की पीठ ने केंद्र से अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने में (खासकर बांग्लादेश को) सरकारों द्वारा अपनाई गई मानक संचालन प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देने को कहा। शीर्ष अदालत ने इस मामले में गुजरात सरकार को पक्षकार बनाया। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बंगाल प्रवासी कल्याण बोर्ड द्वारा दायर याचिका पर आपत्ति जताई।

## पटना में पीएम मोदी के अपमान के विरोध में भाजपा का मार्च

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प, मारपीट का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

बिहार की राजनीति उस समय गरमा गई जब राजधानी पटना स्थित कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम पर शुक्रवार को भाजपा के झंडे लिए कुछ उपद्रवियों ने हमला किया। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए।

वहीं, भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया है। कांग्रेस के ख़िलाफ़ हिंसात्मक प्रतिक्रिया तब सामने आई जब दो दिन पहले नौशाद आलम नाम के एक नेता ने ₹वोटर अधिकार रैली" के दौरान बड़े नेताओं की उपस्थिति में प्रधानमंत्री की माँ को लेकर अपशब्द कहे। उसके बाद से

### कांग्रेस के आरोपों को भाजपा ने नकारा



दिल्ली से पटना तक माहौल गरमा गया। नौशाद आलम जाले से कांग्रेस का संभावित प्रत्याशी बताए जा रहे हैं जबकि कांग्रेस में उनसे पल्ला झाड़ लिया और भाजपा के ख़िलाफ़ माहौल ख़राब करने का तोहमत जड़ दिया। उसके बाद बड़ी संख्या में कथित रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटना स्थित कांग्रेस मुख्यालय में घुस कर विरोध प्रदर्शन किया। तोड़फोड़ किया।

## महुआ ने घुसपैठ को लेकर शाह पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

### भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत, टीएमसी की यही संस्कृति

भाषा ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणियों से विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने अमित शाह पर बांग्लादेश से घुसपैठ रोकने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कथित तौर पर कहा कि उनका ''सिर काटकर मेज पर रख देना चाहिए। भाजपा ने इसपर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मोइत्रा की टिप्पणी को 'अप्रिय और घृणास्पद' करार देते हुए आश्चर्य जताया कि क्या यह तृणमूल कांग्रेस का आधिकारिक रुख है। मोइत्रा ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं

### तृणमूल ने इस पर नहीं दी प्रतिक्रिया



से बातचीत में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा पर अपनी जिम्मेदारियों से बच रही है। हालांकि, उक्त वीडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की गई। मोइत्रा ने कहा कि वे बार-बार घुसपैठियों के बारे में बात कर रहे हैं। लेकिन भारत की सीमा की सुरक्षा पांच बलों द्वारा की जाती है, और यह सीधे तौर पर गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है।

### पटना में तोड़-फोड़ पर बोले राहुल

## सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते



**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। उनकी यह टिप्पणी पटना में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री के लिए कथित तौर पर अभद्र भाषा के विरोध में विरोध मार्च के दौरान भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद आई है।

### बिहार एसआईआर पर नोटिस जारी

## आठ जिलों में मिले 3 लाख विदेशी! इसमें बांग्लादेशी, म्यांमार व अफगानी शामिल




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में एसआईआर के दौरान तीन लाख विदेशी नागरिकों की पहचान हुई है। दस्तावेजों की जांच के दौरान यह बात सामने आई, जिसके बाद इन लोगों को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है. बताया जा रहा है कि ये विदेशी नागरिक बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान से हैं। आयोग की तरफ से बताया गया है कि एक अगस्त से एक सितंबर तक चले डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रोसेस के दौरान इन विदेशी लोगों की पहचान हुई है। बिहार के कुछ जिलों में यह लोग पाए गए हैं। इनमें किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल, ईस्ट चंपारण और वेस्ट चंपारण जैसे जिले शामिल हैं।

### मद्रास हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## हिंदू विवाह धार्मिक कार्य नहीं मंदिर से राशि नहीं दी जाएगी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि हिंदू विवाह को धार्मिक उद्देश्य नहीं माना जा सकता। अदालत ने मंदिर फंड से शादी हॉल बनाने की सरकारी अनुमति को खारिज कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि मंदिरों में आने वाले चढ़ावे और दान केवल धार्मिक और चैरिटेबल कामों में ही खर्च किए जा सकते हैं, न कि व्यावसायिक गतिविधियों में।

जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन की बेंच ने कहा कि हिंदू विवाह को भले ही संस्कार माना जाता हो, लेकिन इसमें कॉन्ट्रैक्ट के तत्व भी शामिल हैं। इसीलिए शादी को धार्मिक उद्देश्य नहीं माना जा सकता। मंदिर फंड का उपयोग सिर्फ धार्मिक और चैरिटेबल कार्यों तक सीमित है। विवाह हॉल का किराए पर उपयोग करना व्यावसायिक गतिविधि है।

इसमें कोई धार्मिक तत्व नहीं है। तमिलनाडु सरकार ने मैरिज हाल का आदेश दिया था।

### मराठा आरक्षण को लेकर जरांगे की फिर भूख हड़ताल शुरू

## 10 फीसदी आरक्षण दें या गोली मरवा दें

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे( 43) की मुंबई में भूख हड़ताल शुरू हो गई है। जरांगे शुक्रवार सुबह मुंबई के आजाद मैदान पहुंचे, जहां मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जरांगे और उनके समर्थक एक दिवसीय भूख हड़ताल की। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ मनोज जरांगे ने बुधवार को जालना जिले के अपने गांव से मार्च शुरू किया था। शुक्रवार को मुंबई में समर्थकों ने



उनका स्वागत किया। इसके पहले जालना पुलिस ने 40 शर्तें लगाने के बाद उन्हें मार्च जारी रखने की अनुमति दी थी, जिसमें उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने, वाहनों की आवाजाही में बाधा न डालने और आपत्तिजनक नारे लगाने से बचने का निर्देश भी था।

### समाधान ढूंढने पर चर्चा कर रहा पैनल

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार की कैबिनेट उपसमिति इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा कर रही है



और समाधान पूरी तरह संवैधानिक और कानूनी दायरे में ही निकाला जाएगा। इस पर सीएम फडणवीस ने कहा कि पुलिस इस पर सकारात्मक विचार करेगी।


## सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता
(सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी)

एसआरएफटीआई/भर्ती/2025-26/006 दिनांक : 30.08.2025

**रोजगार सूचना**

सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है :-

| क्र. सं. | पद का नाम | पारिश्रमिक (समेकित प्रति माह) |
|---|---|---|
| 1) | शैक्षणिक परामर्शदाता (यूजीसी) | रु. 99,000/- |
| 2) | प्रशासनिक परामर्शदाता (यूजीसी) | रु. 99,000/- |

विवरण हेतु, लॉग ऑन करें www.srfti.ac.in

CBC 22107/12/0015/2526

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance | **पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा पता :** प्लॉट नं. 45-46, प्रथम तल, सत करतार कॉम्प्लैक्स, 45, वजीर चंद कॉलोनी, मुगल कैनाल फाउंटेन चौक के सामने, करनाल-132001., **शाखा पता :-** एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001., **शाखा पता :-** एससीओ नं. 121, सैक्टर-17, प्रथम तल, कमर्शियल बैल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003., **शाखा पता :-** प्रथम तल, जेटीएस एस्टेट, शोरूम नं. 3, भूपेन्द्रा रोड, पटियाला-147001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड (''आईसीआईसीआई एचएफसी'') से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महावीर प्रसाद पुत्र मनी राम (कर्जदार), रोशनी (सह-कर्जदार), ढाणी सवाईपुर, डाकघर बुप्प, तहसील व जिला सिरसा- हरियाणा 125078./ LHSIR00001317625. | महावीर प्रसाद के पक्ष में दस्तावेज सं. 8946 दिनांक 29.03.2017 के अनुसार गांव बप्पा, तहसील और जिला-सिरसा, हरियाणा में खेवट नं. 120, खतोनी नं. 130 में निहित मुरबा नंबर 105, किला नंबर 14/1/1/1/1 (0-1) 17/2/2 (2-19) 18/1/2 (6-10) 22/1 (0-7) 22/3 (1-0) 23/1 (4-13), 24/1/1 (3-16) में निहित क्षेत्रफल माप 19 कनाल, 6 मरला का 20/3474 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 20'×30' अर्थात 66.66 वर्ग गज, अर्थात 2 मरला 2 सरसाई, के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : रास्ता 4 करम 20 फीट, दक्षिण : सर्विस स्टेशन 20 फीट, पूर्व : खुला प्लॉट कृष्ण 30 फीट, पश्चिम : खुला प्लॉट मार्जिन राम 30 फीट। | 21-08-2025 रु. 4,49,284/- | 03/08/ 2025 |
| 2. | संदीप पुत्र नरेश कुमार (कर्जदार), नरेश कुमार पुत्र रामकुमार (सह-कर्जदार), सरोज रानी पत्नी नरेश कुमार (सह-कर्जदार), म. नं. 594/1, वार्ड नं. 24, महाराजा अग्रसेन कॉलानी, कैथल-हरियाणा-136027. NHKTL00001279389. | सरोज बाला के पक्ष में दस्तावेज सं. 3652 दिनांक 07.09.2012 के अनुसार खसरा नं. 518/1, एमसीके नं. 595 बी/1/14 का भाग, वाका पटी गदद, महाराजा अग्रसेन कॉलोनी, उद्योग मार्ग, अंदर सीमा नगर पालिका कैथल वाली सम्पत्ति / प्लॉट नं. 24, माप 200 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं :- उत्तर : प्लॉट नं. 25, दक्षिण : प्लॉट नं. 23, पूर्व : गली 20 फीट चौड़ी, पश्चिम प्लॉट नं. 26. | 21-08-2025 रु. 12,61,361.7/- | 03/08/ 2025 |
| 3. | संदीप पुत्र नरेश कुमार (कर्जदार), नरेश कुमार पुत्र रामकुमार (सह-कर्जदार), सरोज रानी पत्नी नरेश कुमार (सह-कर्जदार), म. नं. 594/1, वार्ड नं. 24, महाराजा अग्रसेन कॉलानी, कैथल-हरियाणा-136027. NHKTL00001279391. | सरोज बाला के पक्ष में दस्तावेज सं. 3652 दिनांक 07.09.2012 के अनुसार खसरा नं. 518/1, एमसीके नं. 595 बी/1/14 का भाग, वाका पटी गदद, महाराजा अग्रसेन कॉलोनी, उद्योग मार्ग, अंदर सीमा नगर पालिका कैथल वाली सम्पत्ति / प्लॉट नं. 24, माप 200 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं :- उत्तर : प्लॉट नं. 25, दक्षिण : प्लॉट नं. 23, पूर्व : गली 20 फीट चौड़ी, पश्चिम प्लॉट नं. 26. | 21-08-2025 रु. 19,76,194.94/- | 03/08/ 2025 |
| 4. | राशिद खान पुत्र दीन मोहम्मद (कर्जदार), दीन मोहम्मद पुत्र राम जानी (सह-कर्जदार), हसीना पत्नी दीन मोहम्मद (सह-कर्जदार), दीपक कुमार साहनी पुत्र राम कृत (गारंटर), पार्ट-2 तेजली (409) सुन्दर विहार ताजली, यमुनानगर-हरियाणा-135101./ LHYGR00001356594 | श्रीमती हसीना पत्नी दीन मोहम्मद के पक्ष में दस्तावेज सं. 5654 दिनांक 11.09.2018 के अनुसार मौजा तेजली, अब सुन्दर नगर के रूप में जाना जाता, यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित खेवट नं. 49 खतौनी नं. 63, खसरा नं. 1035 जो 1/72 भाग/हिस्सा में निहित सम्पत्ति आईडी नं. 412C195U184 माप 56.66 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं :- उत्तर : विक्रेता की 34' सम्पत्ति, दक्षिण : विक्रेता की 34' सम्पत्ति, पूर्व : 15' गली 22' चौड़ी, पश्चिम : 15' आरती का मकान। | 21-08-2025 रु. 4,63,882/- | 03/08/ 2025 |
| 5. | राशिद खान पुत्र दीन मोहम्मद (कर्जदार), दीन मोहम्मद पुत्र राम जानी (सह-कर्जदार), हसीना पत्नी दीन मोहम्मद (सह-कर्जदार), दीपक कुमार साहनी पुत्र राम कृत (गारंटर), पार्ट-2 तेजली (409) सुन्दर विहार ताजली, यमुनानगर-हरियाणा-135101./ LHYGR00001356595 | श्रीमती हसीना पत्नी दीन मोहम्मद के पक्ष में दस्तावेज सं. 5654 दिनांक 11.09.2018 के अनुसार मौजा तेजली, अब सुन्दर नगर के रूप में जाना जाता, यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित खेवट नं. 49 खतौनी नं. 63, खसरा नं. 1035 जो 1/72 भाग/हिस्सा में निहित सम्पत्ति आईडी नं. 412C195U184 माप 56.66 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं :- उत्तर : विक्रेता की 34' सम्पत्ति, दक्षिण : विक्रेता की 34' सम्पत्ति, पूर्व : 15' गली 22' चौड़ी, पश्चिम : 15' आरती का मकान। | 21-08-2025 रु. 3,14,503.78/- | 03/08/ 2025 |
| 6. | राशिद खान पुत्र दीन मोहम्मद (कर्जदार), दीन मोहम्मद पुत्र राम जानी (सह-कर्जदार), हसीना पत्नी दीन मोहम्मद (सह-कर्जदार), दीपक कुमार साहनी पुत्र राम कृत (गारंटर), पार्ट-2 तेजली (409) सुन्दर विहार ताजली, यमुनानगर-हरियाणा-135101./ LHYGR00001356596 | श्रीमती हसीना पत्नी दीन मोहम्मद के पक्ष में दस्तावेज सं. 5654 दिनांक 11.09.2018 के अनुसार मौजा तेजली, अब सुन्दर नगर के रूप में जाना जाता, यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित खेवट नं. 49 खतौनी नं. 63, खसरा नं. 1035 जो 1/72 भाग/हिस्सा में निहित सम्पत्ति आईडी नं. 412C195U184 माप 56.66 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं :- उत्तर : विक्रेता की 34' सम्पत्ति, दक्षिण : विक्रेता की 34' सम्पत्ति, पूर्व : 15' गली 22' चौड़ी, पश्चिम : 15' आरती का मकान। | 21-08-2025 रु. 35,308/- | 03/08/ 2025 |
| 7. | मनप्रीत खान पुत्र सुरिन्दर खान (कर्जदार), रेशमा बेगम पत्नी सलिन्दर सिंह (सह-कर्जदार), मकान नं. 395, वार्ड नं. 3, चेक्का, कैथल, हरियाणा-136034. LHPAT00001570612. | गांव खुशाल माजरा हदबस्त नंबर 124 तहसील गुहला और जिला कैथल क्षेत्रफल माप 5 मरला 151 वर्ग गज जो खेवट/खतौनी नंबर 332/540 खसरा नंबर 71//2/2(5-18) 3/2(0-4) 9/2(7-16) 12/1(7-16) 19/10(5-10)20/3(3-8) 21//2/1(5-14)22/3(1-0) 76//2/2 (4-1) किते 9 कुल क्षेत्रफल 41 कनाल 7 मरले जिसमें से 5/827 हिस्सा अर्थात 5 मरला 151 वर्ग गज। सीमाएं - उत्तर : अतिंदर सिंह, दक्षिण : गली 18 फीट, पूर्व : सुखदेव सिंह, पश्चिम : अवतार सिंह | 23-08-2025 रु. 58,365.66/- | 03/08/ 2025 |
| 8. | मनप्रीत खान पुत्र सुरिन्दर खान (कर्जदार), रेशमा बेगम पत्नी सलिन्दर सिंह (सह-कर्जदार), मकान नं. 395, वार्ड नं. 3, चेक्का, कैथल, हरियाणा-136034. LHPAT00001570613. | गांव खुशाल माजरा हदबस्त नंबर 124 तहसील गुहला और जिला कैथल क्षेत्रफल माप 5 मरला 151 वर्ग गज जो खेवट/खतौनी नंबर 332/540 खसरा नंबर 71//2/2(5-18) 3/2(0-4) 9/2(7-16) 12/1(7-16) 19/10(5-10)20/3(3-8) 21//2/1(5-14)22/3(1-0) 76//2/2 (4-1) किते 9 कुल क्षेत्रफल 41 कनाल 7 मरले जिसमें से 5/827 हिस्सा अर्थात 5 मरला 151 वर्ग गज। सीमाएं - उत्तर : अतिंदर सिंह, दक्षिण : गली 18 फीट, पूर्व : सुखदेव सिंह, पश्चिम : अवतार सिंह | 23-08-2025 रु. 19,79,663.5/- | 03/08/ 2025 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 30 अगस्त 2025
स्थान : सिरसा, कैथल, यमुनानगर

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत जिले में निरंकारी संगम, समालखा के साथ हलदाना बैरियर से भोडवाल माजरी तक 100 मिमी डीएलसी और 200 मिमी पीक्यूसी सहित रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 8939) (एचटी एलटी लाइन की शिफ्टिंग)। | 29.08.2025 04.09.2025 | 26.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में जाखल-हिसार रेलवे लाइन पर कि.मी. 34/0 पर एलसी नं. बी-25/2 पर सुरेवाला चौक से उकलाना भुना रोड कि.मी. 4.415 पर 4 लेन आरओबी का निर्माण (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल)। | 28.08.2025 08.09.2025 | 42.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव बिर बंगरा में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.09.2025 | 56.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 4 | बागवानी विभाग पंचकूला हरियाणा | बागवानी विभाग, हरियाणा के विभिन्न केन्द्र जीजीएनएस में कोको पीट की आपूर्ति। | 29.08.2025 26.09.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 5 | सिविल सर्जन, नूह (मेवात) | स्वास्थ्य विभाग नूह (मेवात) हेतु आईईसी और मुद्रण सामग्री इत्यादि सेवाएं। | 22.08.2025 08.09.2025 | ईएमडी 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417560524 dhs.csmwt@hry.nic.in |
| 6 | सिविल हस्पताल, पंचकूला | सामान्य कचरा। | 30.08.2025 12.09.2025 | ईएमडी 25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज नारनौल | नागल माला ब्लॉक सतनाली - बाबू लाल के मकान से होशियार सिंह के मकान तक फिरनी का निर्माण + 3 कार्य। | 28.08.2025 04.09.2025 | 242.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज झोझू कलां | गांव पालरी में हरिजन चौपाल में चारदिवारी का निर्माण (डी-प्लान) + 3 कार्य। | 28.08.2025 05.08.2025 | 42.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद पानीपत | गांव भाऊपुर, ब्लॉक इसराना, जिला पानीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 28.08.2025 05.09.2025 | 45.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 10 | जिला परिषद पानीपत | गांव - पाथरी, ब्लॉक-इसराना, जिला-पानीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 28.08.2025 05.09.2025 | 45.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 19 एसडब्ल्यूजी (300 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) कन्फर्मिंग टू आईएस : 13730 पार्ट-III, ग्रेड-II + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 04.09.2025 | 4.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | रायमलिकपुर - नोलपुर डिस्टी. जिला महेन्द्रगढ़ के कि.मी. 31.200/आर से गांव तालाब रायमलिकपुर की रिचार्जिंग हेतु आरसीसी पाइप लाइन 300 मिमी आई/डी एनपी-2 बिछाने हेतु आकलन (अटल भू-जल योजना के तहत) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.09.2025 | 32.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/38232/I/88/6 दि. 29.08.25

## चिंतन

# भारतीय अर्थव्यवस्था ने 'डेड' कहने वालों को दिया जवाब

दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था ने डेड कहने वालों को एक बार फिर जोरदार तमाचा लगाया है। सभी अनुमानों को पछाड़ते हुए भारत की जीडीपी 7.8% बढ़ी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही। यह पिछली पांच तिमाहियों में सबसे ज्यारदा है। अर्थशास्त्रियों के एक ईटी पोल ने पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 प्रतिशत से 7 के बीच रहने का अनुमान लगाया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.5% का अनुमान लगाया था, लेकिन तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था ने सभी अनुमानों को झटका दे दिया। असल में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 52 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जिससे विकास को बढ़ावा मिला। जीएसटी को तर्कसंगत बनाने, आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती और अनुकूल मानसून से आने वाली तिमाहियों में खपत को समर्थन मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। तय है कि अगले कुछ महीनों में अर्थव्यवस्था को और भी तेज रफ्तार मिलेगी। यह उनके लिए सबसे बड़ा झटका होगा जो भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। यह कथन सिर्फ ट्रंप की अज्ञानता की निशानी भर था। भारत डेड इकॉनमी तो कहीं से नहीं है बल्कि वह वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था में रफ्तार का इंजन है। यह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका आकार लगभग 4 ट्रिलियन है। जल्द ही यह जर्मनी को पीछे छोड़ कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। वर्तमान में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है और बीते 10 वर्षों से लगातार इसकी गति बढ़ रही है। वर्ष 2015-25 के बीच भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर 6%-6.5% रही है। जबकि इस बीच भारत ने कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और दूसरे वैश्विक संकट झेले। भारत के मुकाबले चीन इस दौरान 6% या उससे नीचे की ही रफ्तार से बढ़ा है। भारत वर्तमान में वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 17 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। यह आगे चलकर इसके 20 होने का अनुमान है। भारत इसी के चलते वैश्विक ग्रोथ का इंजन बना हुआ है। उसकी अर्थव्यवस्था का आकार 2015-25 में 105 फीसदी बढ़ा है, जो पूरी दुनिया को हैरान करने वाला है। जिस भारत को डोनाल्ड ट्रंप डेड इकॉनमी बता रहे हैं, वह वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की आबादी 140 करोड़ से ज्यादा है। यह अभी और बढ़ेगी। वर्तमान में भारत का मध्यम वर्ग लगभग 60 करोड़ है। यह मध्यम वर्ग 2047 तक 100 करोड़ पहुंचने के आसार हैं। यही मध्यम वर्ग वर्ष 2030-2031 तक लगभग 2.7 ट्रिलियन डॉलर की खपत करेगा। ऐसे में विश्व की कम्पनियों का धंधा भी चीन के अलावा भारत के ही भरोसे होगा। इतना बड़ा मध्यम वर्ग उसे और कहीं नहीं मिलेगा। भारत सिर्फ बड़ा बाजार ही नहीं है बल्कि बहुत ऐसी ऐसी चीजों की फैक्ट्री भी है, जिन पर विश्व निर्भर है। भारत विश्व में जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा सप्लायर है। अमेरिका भी वर्तमान में भारत निर्मित जेनेरिक दवाओं पर निर्भर है। भारत का फार्मा एक्सपोर्ट वर्ष 2030 तक 5.5 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा भारत भले ही कच्चे तेल का बड़ा उत्पादक ना हो लेकिन वह तेल की रिफाइनरी के मामले में बहुत आगे है। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा तेल रिफाइन करने वाला देश है। इसके अलावा गाड़ियां, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक समेत बाकी कई वस्तुओं का भारत बड़ा सप्लायर है। इतना सब होने के बाद भी कोई इसे डेड इकॉनमी कहे तो इसे पागलपन के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता।



पर्यावरण
डॉ. आशीष वशिष्ठ

# मानवीय अत्याचारों से प्रकृति का रौद्र रूप

**वनों की कटाई, प्रदूषण और औद्योगीकरण, प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन प्रकृति की सेहत को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। नतीजतन जलवायु परिवर्तन, बाढ़ और समुद्र के स्तर में वृद्धि जैसे गंभीर दृश्य सामने आ रहे हैं। प्रकृति अपना रौद्र रूप इन पर्यावरणीय क्षतियों और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखाती है, जो मानव निर्मित हैं। विडंबना यह है कि प्रकृति के सख्त संदेशों की भी हम लगातार अनदेखी कर रहे हैं। यह मानव निर्मित आपदाएं दर्शाती हैं कि प्रकृति का दोहन करने पर उसके परिणाम कितने विनाशकारी हो सकते हैं। दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप से होने वाली जन-धन की हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकती है।**

वनों की कटाई, प्रदूषण और औद्योगीकरण, प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन प्रकृति की सेहत को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। नतीजतन जलवायु परिवर्तन, बाढ़ और समुद्र के स्तर में वृद्धि जैसे गंभीर दृश्य सामने आ रहे हैं। प्रकृति अपना रौद्र रूप इन पर्यावरणीय क्षतियों और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखाती है, जो मानव निर्मित हैं। विडंबना यह है कि प्रकृति के सख्त संदेशों की भी हम लगातार अनदेखी कर रहे हैं। देवभूमि उत्तराखण्ड के धराली में प्रकृति ने जो रौद्र रूप दिखाया, वो देश दुनिया ने देखा है। ताजा संदर्भ जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से 40 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। जम्मू संभाग में 2014 के बाद फिर ऐसी जल तबाही देखने को मिली है। चारों ओर भारी क्षति हुई है। जम्मू संभाग की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में सैकड़ों लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है।

प्रकृति बार-बार संकेत दे रही है और हम बारंबार गलती को सुधारने की बजाय प्रकृति से छेड़छाड़ और उसके दोहन में लगे हुए हैं। उत्तरकाशी के जिस धराली गांव में बादल फटने और फिर तीव्र वेग के जल-प्रलय की आपदा आई है, ऐसी आपदाएं 1864, 2013 और 2014 में भी आ चुकी हैं। आखिर पहाड़ इतने खौफनाक और खतरनाक क्यों होते जा रहे हैं? क्या पहाड़ में आवास दूभर हो गया है? लगातार भूस्खलन और बाढ़ की घटनाएं क्यों बढ़ती जा रही हैं? क्या हिमालय पर्वत के हिस्से भी दरकने और बड़े-बड़े पत्थरों के रूप में गिरने लगे हैं? इन घटनाओं और आपदाओं में बारिश और बादल फटने की घटनाएं 'कुदरत का कहर' मानी जा सकती हैं। इसके अलावा घर, दुकान, मंदिर, इमारतें, होटल आदि का जमींदोज होना, नतीजतन मौत के आंकड़े बढ़ते रहने की आपदाएं 'मानव-निर्मित' हैं। विकास के नाम पर पहाड़ खोदे जा रहे हैं। पहाड़ों को चीरकर सुरंगें बनाई जा रही हैं। रेल की पटरी बिछाई जा रही है। नदी-नालों के किनारे अथवा उन्हीं के भीतर होटल, रिजॉर्ट की बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। उत्तराखंड में ही जिस 50 हजार वर्ग हेक्टेयर में जंगलात थे, अब वहां पक्की इमारतें बन गई हैं। उत्तरकाशी के प्रलय में धराली गांव ही बह कर मिट्टी-मलबा हो गया। इस वर्ष बांधों से आया अतिरेक पानी रावी, ब्यास व सतलुज को विकराल बना गया, जिससे पंजाब के करीब एक दर्जन जिले जलमग्न हो गए हैं। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुल बहने व सड़कें तबाह होने से जन-जीवन पंगु बनकर रह गया है। पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई है। क्या कुदरत नाराज है? क्या ये गहराते ग्लोबल वार्मिंग संकट की देन है? वास्तव में, हमारे नीति-नियंता पहाड़ों के पारिस्थितिकीय तंत्र की संवेदनशीलता को महसूस नहीं करते। भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता। साथ ही राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों की आधी-अधूरी तैयारियां भी संकट बढ़ाने वाली साबित हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, हिमाचल सरकार ने स्वीकार किया है कि पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने के मौजूदा उपायों में कमियां रही हैं। विडंबना यह



है कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने की तंत्र में कोई तात्कालिकता नजर नहीं आती। फिर इन आपदाओं का खामियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता। उत्तराखंड के धराली प्रलय से पहले भूस्खलन का औसत 250 था, जो 2023 तक 1600 से अधिक हो गया। पहाड़ इतनी मात्रा में क्यों टूटने लगे हैं? इस सवाल का जवाब न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार ने दिया है। कुछ उच्चाधिकार प्राप्त समितियां जरूर बनाई जाती रही हैं, लेकिन वे विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के सुझावों को नकारती रही हैं। वैज्ञानिकों के सवाल हैं कि पहाड़ों में 'फोरलेन सडक़' बनाना क्यों जरूरी है? दो लेन की सड़कें पर्याप्त और सहज हैं। ऐसे निर्माण दिखावटी विकास तो हैं, लेकिन विनाश और मौत के अंधे कुएं भी तैयार कर रहे हैं। केदारनाथ प्रलय के बाद रडार लगाने की बात सामने आई थी, ताकि बादल फटने और जल-प्रलय के पूर्व संकेत मिल सकें। उनका क्या हुआ? उत्तरकाशी प्रलय के कुछ भी संकेत क्यों नहीं मिल सके। मात्र 34 सेकंड में बहुत कुछ मलबा हो गया। हिमालयी क्षेत्र के लिए 'ग्लोबल वार्मिंग' और 'जलवायु परिवर्तन' भी खतरनाक स्थितियां हैं। उनसे एक अलग स्तर पर लड़ने की जरूरत है। आपदा के लिहाज से धराली 'टाइम बम' पर बैठा माना जाता रहा है, लेकिन इसे कहीं और शिफ्ट नहीं किया गया। वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. एसपी सती का कहना है कि धराली ट्रांस हिमालय (4000 मीटर से ऊपर) में मौजूद मेन सेंट्रल थ्रस्ट है। यह एक दरार होती है, जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। यह भूकंप का अति संवेदनशील क्षेत्र भी है। इस खतरे को समझना होगा। हिमाचल सरकार की पहल सराहनीय है, जिसमें संकट को बढ़ाने वाली खामियों की पहचान करने हेतु अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों और सामुदायिक प्रतिनिधियों का एक कोर ग्रुप बनाने में उत्सुकता दिखायी गई है। वहीं जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जोखिमों को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने हेतु विशेषज्ञों से परामर्श का आह्वान किया है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदाओं के बाद बचाव, राहत व पुनर्वास में राज्य सरकारों तथा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय की प्रशंसा की थी। हालिया आपदाओं के मद्देनजर ऐसा तालमेल अपरिहार्य है जिससे आपदाओं से लोगों की आजीविका और बुनियादी ढांचे का नुकसान कम से कम किया जा सके। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति वनों की कटाई, अनियमित विकास तथा जलवायु परिवर्तन के कारकों की वजह से तेज हुई है। वास्तव में मौजूदा स्थितियों में जो कुछ करने की जरूरत है, वो किसी भी तरह कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इस संकट के मुकाबले के लिए वैज्ञानिक व प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल करने की जरूरत है। सरकारों को राजनीतिक और व्यावसायिक हितों को दरकिनार करते हुए, पर्यावरण संवर्धन के लिए काम करना चाहिए।

प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करना समय की जरूरत है। निस्संदेह, खतरे के जरा से भी संकेत मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में तनिक भी देरी नहीं की जानी चाहिए। प्रकृति अपने रौद्र रूप में मानव को प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व बनाए रखने और पर्यावरण के विनाश से रोकने के लिए प्रेरित करती है। यह मानव निर्मित आपदाएं दर्शाती हैं कि प्रकृति का दोहन करने पर उसके परिणाम कितने विनाशकारी हो सकते हैं। निस्संदेह, दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप से होने वाली जन-धन की हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

डिजिटल लाइब्रेरी
संदीप भूषण




# युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की पहल

फिक्शन और फंतासी की दुनिया में आज धूमकेतु की तरह चमक रही अमेरिकी लेखिका सारा जेनेट मास की प्रसिद्ध कृतियों में 2012 में आईं 'थ्रोन ऑफ ग्लास' सीरीज की किताबें हैं। इसमें वे एक जगह पुस्तकालयों की चर्चा करती हैं। वे कहती हैं कि पुस्तकालय विचारों से भरे रहे हैं, शायद सभी हथियारों में सबसे खतरनाक और शक्तिशाली। यहां हथियार शब्द का इस्तेमाल उन्होंने विचार या मानवीय बुद्धिमत्ता के लिए किया है। सारा के शब्दों को सामने रखते हुए डिजिटल दौर में पुस्तकालयों की जरूरत और भूमिका पर बात करें तो कई रोचक और सराहनीय तथ्य सामने आते हैं। आज सबसे बड़ी चुनौती विचार और ज्ञान को पुराने पड़े पीले पन्नों से उठाकर डिजिटलाइज करने की है। अच्छा लगता है यह जानकर कि यह विवेक आज बिहार जैसे प्रदेश में दिखलाई पड़ रहा है, जहां के समाज और सरकार को लेकर एक खास तरह के पूर्वाग्रह से हम ग्रसित रहे हैं। बिहार सरकार ने इसी दिशा में 'मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना' के नाम से एक बड़ा और दूरदर्शी प्रयास किया है। यह योजना बच्चों और युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो बिहार के हर कोने में शिक्षा के नए साधन उपलब्ध करा रही है। बिहार के दूरदराज के इलाकों में पढ़ाई के संसाधन सीमित रहे हैं, इस कमी के कारण कई युवाओं के सपने उड़ान भरने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। पर यह स्थिति अब बदल रही है। खासतौर पर जब से डिजिटल लाइब्रेरी की नींव पड़ी है, तब से यह कहीं अधिक सुलभ, समेकित और समकालीन शिक्षा का स्रोत बन गई है। अब हर विधानसभा क्षेत्र, पंचायत और कॉलेज में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जहां विद्यार्थी ऑनलाइन कोर्स, ई-बुक्स और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी सामग्री पा सकते हैं। बिहार सरकार ने इसके लिए 94 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत कर इस योजना को एक सशक्त राशि के साथ लॉन्च किया है जिसे देखकर शिक्षा के प्रति उनकी गंभीर प्रतिबद्धता झलकती है। तकनीक के सहारे यह योजना युवा पीढ़ी को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें करियर की बेहतर संभावनाओं के लिए तैयार भी करती है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र में कम से कम दस कंप्यूटर के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट और पर्याप्त बैठने की जगह होगी। ऐसे केंद्रों की उपस्थिति से छात्र न केवल अपने स्कूल या कॉलेज के कोर्स ऑनलाइन पढ़ सकेंगे, बल्कि जीईई, नीट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। साथ ही रोजगार संबंधी ऑनलाइन कोर्स, सरकारी व निजी रोजगार पोर्टल की जानकारी भी मिलेगी, जो युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है। डिजिटल लाइब्रेरी केंद्रों में आधुनिक सुविधा का पूरा इंतजाम है। बिजली, पानी, प्रिंटर, स्कैनर, समाचार पत्र और तकनीकी सहायता से लैस ये केंद्र विद्यार्थियों को एक पूर्ण वातावरण उपलब्ध कराते हैं। पटना में जहां एक मॉडल लाइब्रेरी केंद्र में 60 कंप्यूटर होंगे, वहीं अन्य क्षेत्रीय केंद्रों में भी 50 कंप्यूटर की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। अपनी जगह न होने पर पंचायत स्थानीय भवन को 1 रुपये के सालाना किराए पर लेकर लाइब्रेरी चला सकती है। इस तरह यह पहल जितनी आर्थिक रूप से सशक्त है, उतनी ही व्यावहारिक और सभी के लिए उपलब्ध है। गांव-गांव तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए "जीविका दीदी" मॉडल को अपनाया गया है। 7,953 से अधिक नए डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र खोलकर सरकारी प्रयासों ने युवाओं को हाथ थामने का प्रस्ताव रखा है। स्थानीय महिलाओं और समूहों को लाइब्रेरी संचालन में अवसर दिया जाना समाज के लिए भी संरचनात्मक बदलाव लाएगा। जिस तकनीकी क्रांति की बात हम आज करते हैं, इस योजना ने उसे गांव-गांव तक पहुंचाकर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की शुरुआत की है। युवा पीढ़ी आज की बदलती दुनिया के लिए जरूरी डिजिटल कौशल सीखने के लिए इस योजना का बड़ा फायदा लेगी। कंप्यूटर की मूल बातें सीखना, ऑनलाइन जानकारी जुटाना, जॉब पोर्टल पर आवेदन करना और डिजिटल माध्यम से करियर की योजना बनाना अब वास्तविकता का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायता करेंगे, बल्कि राज्य की प्रगति में भी योगदान देंगे। बिहार की यह डिजिटल क्रांति इस बात का प्रमाण है कि ज्ञान और तकनीक का सही संयोजन नौजवानों को केवल बेहतर आज नहीं देता, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी भी कराता है। इस योजना के माध्यम से बिहार का हर युवा डिजिटल युग में अपनी अलग पहचान बना सकेगा और देश की प्रगति में अपने योगदान से इतिहास रचेगा।

(लेखक आर्थिक मामलों के जानकार व वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सुख की चाह के लिए तप की साधना जरूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अब अमेरिका को धूल चटाए

राष्ट्रपिता गांधी जी ने केवल सत्य, अहिंसा और प्यार को आधार बना कर स्वदेशी के अस्त्र से अंग्रेजों को धूल चटा कर निकाल बाहर किया और भारत को स्वतंत्र करवाया। आज जब भारत वैश्विक षड्यंत्रों का शिकार है और अमरीका की आततायी नीति भारत को जख्म दे रही है, ऐसे में भारत केवल स्वदेशी की ढाल से अपनी और जनता की रक्षा कर सकता है। अमरीका, पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को यूएन में उच्च पद देकर तथा आर्थिक मदद दिलवा कर भारत और चीन दोनों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। चीन का एक गुर्गा हथिया कर भारत व पाकिस्तान को अलग कर शोषण करना चाहता है। रूस की शक्ति क्षीण कर यूक्रेन के संसाधनों को हड़पना उसका लक्ष्य है। - **विवेक जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### भारत-जापान सहयोग



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान-भारत संघ के अध्यक्ष योशीहिदे सुगा के साथ मेरी बैठक हुई। हमने भारत-जापान सहयोग में प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग बनाने के तरीकों पर चर्चा की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### श्रद्धांजलि अर्पित



महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर स्मरण और श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, उन सभी खिलाड़ियों को नमन है जिन्होंने राष्ट्र को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### परियोजनाओं का लोकार्पण



'आंवला नगरी' प्रतापगढ़ में आज 570 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद की समृद्धि यात्रा को और गति प्रदान की। लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण-पत्र के साथ ही विद्यार्थियों को लैपटॉप भी वितरित किए।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### अभद्र भाषा का प्रयोग



दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्व. माता जी के विरूद्ध जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं।
-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

## करंट अफेयर

# गाजा में महिलाएं और बच्चे भुखमरी का शिकार हो रहे



संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी की प्रमुख ने कहा कि इस सप्ताह गाजा की उनकी यात्रा के दौरान यह ''बहुत स्पष्ट'' था कि फलस्तीनी क्षेत्र में पर्याप्त भोजन नहीं है तथा उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से और अधिक सहायता की तत्काल जरूरत पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने पिछले सप्ताह कहा था कि गाजा पट्टी का सबसे बड़ा शहर अकाल की चपेट में है और यदि युद्धविराम नहीं हुआ या मानवीय सहायता पर प्रतिबंध समाप्त नहीं किए गए तो यह पूरे क्षेत्र में फैल सकता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैकेन ने बताया कि गाजा में भुखमरी जारी है। उन्होंने कहा, ''मैंने गाजा में भुखमरी से जूझ रही माताओं और बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और पूरी स्थिति खुद देखी।'' उन्होंने कहा कि नेतन्याहू '' इस बात से बहुत चिंतित थे कि लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है।'' इससे पहले उन्होंने गाजा में अकाल की बात से इनकार किया था और कहा था कि भुखमरी के दावे हमास का दुष्प्रचार अभियान है। मैकेन ने कहा, ''हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें और अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करना होगा। हमारे काफिलों के लिए सुरक्षा और वहां तक पहुंचना जरूरी है।''

## ऑफ बीट

# शराब छोड़ने पर जिगर के साथ क्या होता है



वास्तव में, क्या लीवर वापस बढ़ सकता है? लीवर मानव शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है। शराब जैसे विषाक्त पदार्थों का असर कम करने सहित सैकड़ों शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए इसकी आवश्यकता होती है। चूंकि यह पी गई शराब के संपर्क में आने वाला पहला अंग है, इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यह शराब के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है। हालाँकि, लंबे समय तक भारी शराब के सेवन से मस्तिष्क और हृदय सहित अन्य अंग भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यह लीवर में वसा जमा होने (फैटी लीवर) से लेकर निशान बनने (सिरोसिस) तक होने वाली बीमारी का एक पहलू है और यह आमतौर पर क्षति के अंतिम चरण तक कोई लक्षण पैदा नहीं करता है। सबसे पहले शराब लिवर को फैटी बनाती है। इस वसा के कारण लीवर में सूजन हो जाती है। जवाब में, यह निशान ऊतक का निर्माण करके खुद को ठीक करने की कोशिश करता है। यदि इसे अनियंत्रित जारी रखा जाता है, तो पूरा लीवर घावों का एक जाल बन सकता है और बीच में ''अच्छे'' हिस्सों के छोटे-छोटे द्वीप बन सकते हैं, जिसे सिरोसिस कहा जाता है। सिरोसिस के अंतिम चरण में, जब लीवर ख़राब हो जाता है, तो लोगों को पीलिया हो सकता है, सूजन आ सकती है और नींद की कमी और भ्रमित हो सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अमेरिकी ओपन : चार साल के बाद नाओमी पहली बार पहुंची तीसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई, जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6-3, 6-1 से हराया। ओसाका ने अपने चारों ग्रैंडस्लैम हार्डकोर्ट पर जीते हैं, जिनमें दो अमेरिकी ओपन और दो आस्ट्रेलियाई ओपन शामिल है।

वह 2020 में आखिरी बार यहां खिताब जीती थी, जिसके बाद 2021 में तीसरे, 2022 में पहले और 2024 में दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। इस साल विम्बलडन में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद ओसाका ने कोच पैट्रिक मूराटोग्लू से अलग होने का फैसला किया और अब नए कोच टोमाज विक्टोरोवस्की के साथ हैं, जो इगा स्वियातेक की टीम में रह चुके हैं।



## स्वियातेक और सिनेर की शानदार जीत





विम्बलडन चैंपियन स्वियातेक ने नीदरलैंड की 66वीं रैंकिंग वाली सुजैन लामेंस को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया । वहीं विम्लबडन पुरुष एकल खिताब विजेता यानिक सिनेर ने अलेक्सेइ पोपिरिन को 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी। अमेरिका की कोको गाफ ने डोन्ना वेकिच को 7-6, 6-2 से हराया। उनकी हमवतन अमांडा अनिसिमोवा ने माया जॉइंट को 7-6, 6-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। वहीं टॉमी पॉल ने साढे चार घंटे तक चले मैच में नुनो बोर्गेस को 7-6 (6), 6-3, 5-7, 5-7, 7-5 से शिकस्त दी।



## महिला युगल में पहला मैच जीती वीनस

*न्यूयॉर्क। चौदह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन. किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। वीनस एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। वह 2022 के बाद पहली बार यहां युगल वर्ग में खेल रही है।*

## खबर संक्षेप



### मुंबई में अगले साल विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप

**मुंबई।** अगले साल तीन से नौ अगस्त तक मुंबई में आयोजित होने वाली एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप में 20 से ज्यादा देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह टूर्नामेंट सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय में आयोजित होगा, जिसे भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के सहयोग से और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल महासंघ (एफआईएसयू) के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। एफआईएसयू अंतरराष्ट्रीय संचालन संस्था है, जो विश्व विश्वविद्यालय खेलों और विश्व विश्वविद्यालय चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट का आयोजन करती है।

### एफआईएच प्रो लीग में शामिल पाक हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी टीम पुरुषों की एफआईएच प्रो लीग के आगामी सातवें सत्र का हिस्सा होगी, जिससे उसके 'होम एंड अवे' प्रारुप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान भारत के साथ किसी तटस्थ स्थल पर भिड़ंत की संभावना है। पाकिस्तान आगामी सत्र में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन के साथ शामिल होगा। इस साल की शुरुआत में मलेशिया में खेले गए एफआईएच हॉकी नेशंस कप के जरिए पाकिस्तान को प्रोमोट किया गया। विश्व संचालन संस्था एफआईएच ने कहा, 'इसलिए नियमों के अनुसार एफआईएच ने उपविजेता पाकिस्तान को भी निमंत्रण दिया है, जिन्होंने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।'

### डब्ल्यूपीजीटीः अमनदीप ने जीता खिताब

**होसुर।** अमनदीप द्राल ने अंतिम दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण का खिताब अपने नाम किया। अमनदीप की यह 2025 सत्र में दूसरी जीत है। उन्होंने तीन दिन में कुल दो अंडर 214 का स्कोर बनाया। उन्होंने युवा अनन्या गर्ग को पछाड़ा जो 2024 में हीरो डब्ल्यूपीजीटी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान गोल्फर रही थीं।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में सात पदक जीते

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 5वें दिन सीनियर वर्ग में एक रजत और एक कांस्य सहित कुल सात पदक जीते जबकि उभरते हुए स्टार साईराज परदेशी ने रिकॉर्ड प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। मौजूदा राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन दिलबाग सिंह ने पुरुषों की 94 किग्रा स्पर्धा में कुल 342 किग्रा (153 किग्रा स्नैच + 189 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक जीता। इस वजन वर्ग का स्वर्ण पदक मलेशिया के मोहम्मद सैहमी बिन नोर गजाली ने जीता जिन्होंने 343 किग्रा (150 किग्रा + 193 किग्रा) के साथ दिलबाग को पीछे छोड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया के ओलिवर सैक्सटन ने 336 किग्रा (150 किग्रा + 186 किग्रा) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। वंशिता वर्मा ने सीनियर महिला 86 किग्रा वर्ग में 222 किग्रा (95 किग्रा + 127 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक जीता।

# दलीप ट्रॉफी : आकिब नबी ने रचा इतिहास, 4 गेंदों पर झटके 4 विकेट

नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के क्वार्टर फाइनल का मुकाबला रहा रोमांचक


एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

आकिब नबी ने दलीप ट्रॉफी में इतिहास रच दिया। इस टूर्नामेंट में 4 गेंदों पर 4 विकेट लेने वाले वह पहले गेंदबाज बन गए हैं। आकिब ने हैट्रिक पूरी कर दिग्गज कपिल देव के क्लब में पहुंच गए। जम्मू-कश्मीर के बारामूला के 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर खेले जा रहे नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लगातार 4 विकेट लिए।

53वें ओवर में आकिब नबी ने आखिरी तीन गेंदों पर तीन विकेट लेकर ईस्ट जोन की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर अपनी हैट्रिक पूरी की। उन्होंने सूरज जायसवाल को 10 रन पर आउट कर विकेटकीपर कन्हैया वधावन को कैच कराया। फिर मनीषी को शून्य पर एलबीडब्ल्यू आउट किया और मुख्तार हुसैन को बिना खाता खोले क्लीन बोल्ड कर दिया।

पारी की शुरुआत में आकिब विराट सिंह को 69 रन पर आउट किया और अंततः अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सिर्फ 1 रन पर आउट करके पूर्वी क्षेत्र की पहली पारी का अंत किया और अपने पांच विकेट पूरे किए।





## शमी ने लुटाए 100 रन

टीम इंडिया से बाहर चल रहे अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए दलीप ट्रॉफी में हैरान करने वाला काम किया है। वह ईस्ट जोन टीम का हिस्सा हैं जो नॉर्थ जोन के खिलाफ खेल रही है। इस मैच में शमी ने गेंदबाजी की और ऐसा प्रदर्शन किया, जिसकी उम्मीद उनसे कभी नहीं की जाती। शमी ने इस मैच में शतक जमाया, लेकिन ये सैकड़ा रनों को लुटाने वाला था। उनकी गेंदबाजी प्रभावी नहीं दिखी और वह आसानी से रन लुटाते रहे। उनको पहली पारी में शमी ने पूरी तरह से निराश किया। नॉर्थ जोन ने 405 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसमें 100 रन तो शमी ने ही बनवा दिए थे। दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 23 ओवर फेंके और सिर्फ एक विकेट ही ले पाए। शमी से इस तरह का प्रदर्शन की उम्मीद नहीं रहती है।

## मालेवर ने लगाया दोहरा शतक

भारत के घरेलू क्रिकेट में दलीप ट्रॉफी 2025 में इस समय सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में सेंट्रल जोन की तरफ से 21 साल के



दानिश मालेवर और रजत पाटीदार ने कमाल का प्रदर्शन किया है। इन दोनों ही बल्लेबाजों ने शतक लगाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। मालेवर ने दोहरा शतक लगाकर गेंदबाजों की जमकर धज्जियां उड़ाई हैं। मालेवर ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। वह विरोधी गेंदबाजों के सामने किसी दीवार की तरह खड़े रहे और सधी हुई बल्लेबाजी की। उन्होंने पहले दिन 219 गेंदों में कुल 198 रन बनाए थे, जिसें 35 चौके और एक छक्का शामिल रहा था। मैच के दूसरे दिन अपने स्कोर में दो रन जोड़ते ही उन्होंने डबल संचुरी जड़ दी है।

## मनीषी ने लिए 6 विकेट

झारखंड के जमशेदपुर में जन्मे इस लेफ्ट आर्म स्पिनर मनीषी ने अपनी फिरकी का जादू दिखाते हुए नॉर्थ जोन के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। 21 साल के स्लो लेफ्ट आर्म स्पिनर मनीषी ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ पहले दिन 3 विकेट लिए थे। उन्होंने दूसरे दिन भी 3 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या छह पर पहुंचाई। उन्होंने इस दौरान 22.2 ओवर की गेंदबाजी की और 111 रन खर्च किए। मनीषी ने टॉप ऑर्डर के तीनों बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया और तीनों ही बल्लेबाज एलबीडब्ल्यू आउट हुए। फिर उन्होंने और 3 बल्लेबाजों को भी आउट किया और वो तीनों भी एलबीडब्ल्यू आउट होकर ही पवेलियन लौटे। मनीषी अपने फर्स्ट क्लास करियर का नौवां मैच खेल रहे हैं।

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# गुरप्रीत का शानदार प्रदर्शन भारत को दिलाया स्वर्ण पदक





एजेंसी ▶▶| मशिमकेंट

पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह ने लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन शुक्रवार को 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में भारत को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया। सेना के इस 37 वर्षीय निशानेबाज ने राजकंवर सिंह संधू और अंकुर गोयल के साथ मिलकर सेंटर फायर पिस्टल में 1733 अंकों के कुल स्कोर के साथ एक और बड़ी जीत हासिल की, जिससे भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने इस से पहले गुरुवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। वियतनाम (1720) और ईरान (1700) ने इस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

■ मानिनी ने 50 मीटर राइफल प्रोन में जीता कांस्य

## मानिनी का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक

युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के साथ ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने में भी अहम भूमिका निभाई। मानिनी का व्यक्तिगत स्पर्धा में यह पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। जयपुर की 24 साल की इस निशानेबाज ने 617.8 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की हाना इम (620.2) और यूनसेओ ली (620.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। मानिनी ने प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया था, लेकिन उनसे आगे रहने वाले दो निशानेबाज दक्षिण कोरिया की येलीन चोई (620.1) और भारत की सिफ्त कौर सामरा (617.9) सिर्फ रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आरपीओ निशानेबाज केवल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

बेल्ट एंड रोड टूर्नामेंट

# भारतीय मुक्केबाजों ने बेल्ट एंड रोड टूर्नामेंट में 7 स्वर्ण पदक जीते



भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजों ने चीन के शिनजियांग में तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतरराष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी गाला में सात स्वर्ण के साथ कुल 26 पदक जीते। इसमें अंडर 17, अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में स्पर्धायें होंगी। लड़कियों की टीम ने फाइनल में दबदबा कायम करते हुए पांच स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदकों के साथ दबदबा बनाया। लक्ष्मी (46 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा), ज्योति (75 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि चंद्रिका (54 किग्रा) को चीन की मुक्केबाजी से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाजों के बीच हुए 46 किग्रा, 60 किग्रा, 66 किग्रा और 80 किग्रा से अधिक की श्रेणियों में अतिरिक्त रजत और कांस्य पदक सुनिश्चित हुए। लड़कों के वर्ग में भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीते। फलक (48 किग्रा) और उधम सिंह राघव (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान के अपने प्रतिद्वंद्वियों पर शानदार जीत के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि ध्रुव खर्ब (46 किग्रा) और पीयूष (50 किग्रा) को करीबी मुकाबलों के हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उदय सिंह (46 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया (80 किग्रा से अधिक) ने कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में योगदान दिया। भारत ने इस आयोजन में 58 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें अंडर 17 वर्ग में 20 लड़के और 20 लड़कियां हैं जबकि साथ में 12 कोच, पांच सहयोगी स्टाफ, एक रैफरी और एक जज हैं ।

## नगालैंड ने 151 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कोहिमा।** नगालैंड ने पूर्वोत्तर क्षेत्र, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य 151 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। युवा संसाधन और खेल सलाहकार एसकेओशु यिमखियुंग ने बताया कि राज्य सरकार 'खेलो भारत नीति 2025' के अनुरुप एक नई खेल नीति का मसौदा तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह नीति राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और इसमें खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। इस मौके पर नगालैंड के पुलिस महानिदेशक रुपिन शर्मा ने कहा कि राज्य पुलिस जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी, जिसमें योग्य खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप

# क्वार्टर फाइनल से बाहर ध्रुव-तनिषा

**पेरिस।** ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की कोशिश में थी लेकिन उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में जीत से भारतीय जोड़ी को कम से कम कांस्य पदक की गारंटी मिल जाती। दुनिया की 17वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को हांगकांग की तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की पांचवें नंबर की जोड़ी को हराकर उलटफेर किया था।



# टाइमिंग के कारण हुई चूक, विश्व चैंपियनशिप तक लय हासिल करने की कोशिश : चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

भारतीय भाला फेंक नीरज चोपड़ा ने स्वीकार किया कि डायमंड लीग फाइनल में उनकी टाइमिंग अच्छी नहीं थी लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगले महीने टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप तक वह लय हासिल कर लेंगे। चोपड़ा लगातार तीसरी बार डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 90 मीटर से अधिक के दो थ्रो फेंककर खिताब जीता।

चोपड़ा ने फाइनल के बाद कहा,' आज टाइमिंग अच्छी नहीं रही और रनअप खराब रहा। अभी हालांकि विश्व चैंपियनशिप में तीन सप्ताह का समय है और मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा।'' चोपड़ा ने इस साल दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन वह कई बार कह चुके हैं कि लगातार इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें अपनी तकनीक में सुधार करना होगा।

उन्होंने कहा,' यह उतना बुरा नहीं था। लेकिन हम विश्व चैंपियनशिप के काफी करीब है लिहाजा सुधार जरूरी है। कुछ चीजें अच्छी रही और कुछ नहीं। आखिरी प्रयास में मैंने 85 मीटर का थ्रो फेंका। लेकिन मैं जूलियन के लिए बहुत खुश हूं, जिसने 91 मीटर का थ्रो फेंका। हम तीन सप्ताह बाद फिर मिलेंगे।'



## एशिया कप में भारत ने चीन को रौंदकर की विजयी शुरुआत

# चीन पर भारी पड़े टीम इंडिया के जांबाज, कप्तान हरमनप्रीत ने जड़ी हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| राजगीर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय हॉकी टीम ने शुक्रवार को शुरू हुए 12वें एशिया कप में चीन के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की है। भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में चीन को 4-3 के अंतर से मात दी।

चीन ने मेजबान टीम को कड़ी टक्कर दी भारत के लिए तीन गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19, 33, 47) ने और एक जुगराज सिंह(17) ने किया। वहीं चीन के लिए एक-एक गोल डु शिहाओ(11'), चेन बेनहाई(34') और गाओ जिशेंग (41') ने किए। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।



## चीन दागा पहला गोल, फर्स्ट हाफ में भारत 2-1 से आगे

मैच की शुरुआत दोनों टीमों ने सधे हुए अंदाज में की। मैच में पहला गोल चीन ने पहले क्वार्टर के 11वें मिनट में करके 1-0 की बढ़त बना ली। चीनी टीम के लिए खाता डु शिहाओ ने खोला। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। पहले क्वार्टर का अंत चीन की 1-0 की बढ़त के साथ हुआ। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में जुगराज सिंह(17') ने फील्ड गोल करके भारतीय टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दी। उन्होंने 19वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करके भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। हॉफ टाइम में भारतीय टीम 2-1 से आगे थी।

## हरमनप्रीत ने दिलाई बढ़त

मैच के चौथे और निर्णायक क्वार्टर की शुरुआत में भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। हरमनप्रीत ने एक बार फिर कमान संभाली और 47वें मिनट में शानदार ड्रैग फ्लिक करके टीम इंडिया को एक बार फिर 4-3 से आगे कर दिया। इस गोल के साथ ही हरमनप्रीत सिंह ने मैच में अपनी हैट्रिक भी पूरी कर ली। इसके बाद अंतिम 13 मिनट में भारतीय टीम ने आक्रामक रुख बनाए रखा। अंत में और कोई गोल नहीं हुआ और भारत ने मैच 4-3 के अंतर से अपने नाम कर लिया।

## कोरिया ने चीनी ताइपै को दी 7-0 से शिकस्त

एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मलेशिया ने निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश टीम को एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन शुक्रवार को 4-1 से हराया जबकि गत चैंपियन कोरिया ने चीनी ताइपै को 7-0 से शिकस्त दी। पूल बी के दूसरे मैच में कोरिया के लिये डैन सोन (17वां, 29वां और 58वां मिनट) ने हैट्रिक लगाई जबकि जिहुन यांग (27वां और 50वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। सियोंग ने 53वें मिनट में एक गोल किया। कोरिया के लिए 54वें मिनट में यूनहो कोंग और आखिरी मिनटों में सोन ने गोल करके टीम को शानदार जीत दिलाई।


# ‘राजनीतिक-आर्थिक स्थिरता’ के साथ ही पारदर्शी नीतियों पर टिका है भारतः प्रधानमंत्री

**ट्रंप की टैरिफ की चुनौती के बीच भारत की दो टूक**
**भारत-जापान एशियाई सदी में स्थिरता, विकास और समृद्धि को मिलकर आकार देंगे**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** 50 फीसदी टैरिफ से उठे आर्थिक संकट के बीच शुक्रवार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय जापान यात्रा की शुरुआत हुई। वह टोक्यो पहुंचे और वहां पर सबसे पहले उन्होंने ‘भारत-जापान आर्थिक फोरम’ को संबोधित किया। जिसमें नाम लिए बगैर पीएम ने अमेरिका को साफ शब्दों में ये संदेश दे दिया कि ‘भारत में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता’ तो है ही। उसके साथ ही नीतियों में पूर्वानुमान और पारदर्शिता भी मौजूद है। कारोबारी सुगमता के इन प्रयासों ने भारतीय बाजार को लेकर निवेशकों के मन में एक नया विश्वास कायम किया है। जो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा भारत की नवीनतम रेटिंग में सुधार से भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अशांत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को लेकर विश्वसनीय मित्रों के बीच गहरी होती आर्थिक साझेदारी विशेष रूप से प्रासंगिक है।

### एशियाई सदी को देंगे आकार

प्रधानमंत्री ने जापान की कंपनियों को भारत में व्यापार-निवेश के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मैन्युफैक्चरिंग, तकनीक से लेकर हरित ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश के लिए भारत एक आकर्षक स्थान है। जापानी व्यापार को वैश्विक दक्षिण के देशों तक पहुंचाने के लिए भारत, जापान को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। दोनों देश एकजुटता से स्थिरता, विकास और समृद्धि के साथ एशियाई सदी को आकार देंगे। आर्थिक फोरम का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और जापान व्यापार महासंघ (कीदानरेन) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।



जापान के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो और जापानी सांसदों के एक समूह के साथ एक बैठक की।

### बड़े सुधारों से रूबरू कराया

उन्होंने कहा, दोनों देशों के संबंधों के केंद्र में विशेष रणनीतिक-वैश्विक साझेदारी है। अंतरराष्ट्रीय विकास में भारत का योगदान 18 फीसदी है। हमारे पूंजीगत बाजार में अच्छे रिटर्न मिल रहे हैं, बैंकिंग सेक्टर भी मजबूत है। कम महंगाई के साथ ब्याज दरें भी कम हैं। देश के पास करीब 700 बिलियन डॉलर का फॉरेक्स रिजर्व है। बदलाव के पीछे हमारा दृष्टिकोण सुधार, प्रदर्शन और बदलाव का है। 2017 में हमने वन नेशन-वन टैक्स की शुरुआत की थी। अब इसमें नए और बड़े सुधार लाने पर काम जारी है। पीएम ने बताया कि कुछ समय पहले हमारी संसद ने नए और सरल आयकर कोड को भी मंजूरी दी है।

### इन सुधारों से मजबूत होगी साझेदारी

दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए पीएम मोदी ने 5 सुझाव दिए। जिनमें पहला- मैन्युफैक्चरिंग, ऑटो सेक्टर की सफलता के जादू को भारत-जापान मिलकर बैटरीज, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, शिप बिल्डिंग और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में दोहरा सकते हैं। ग्लोबल साउथ खासतौर पर अफ्रीका के विकास में भी दोनों की भागीदारी रहेगी। मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड के लिए जापानी कंपनियों को आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि सुजुकी और डाइकिन की सफलता की कहानियां फिर से दोहराई जा सकती हैं।

**मुंबई-अहमदाबाद उच्च-गति रेल प्रमुख परियोजना**

## कुछ वर्ष में यात्री सेवाएं शुरू करने का लक्ष्यः पीएम मोदी

भाषा ▶▶ तोक्यो

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद उच्च-गति रेल भारत और जापान के बीच एक प्रमुख परियोजना है और हमारा कुछ वर्षों में यात्री सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य है। मोदी ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद उच्च-गति रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना जारी है। हमारा लक्ष्य देश में उच्च-गति रेल का 7,000 किलोमीटर लंबा नेटवर्क बनाना है। जापान के अखबार ‘योमिउरी शिंबुन’ को दिए गए साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि इसका अधिकतर हिस्सा ‘मेक इन इंडिया’ के माध्यम से होगा, ताकि यह कार्यक्रम टिकाऊ एवं व्यवहारिक हो। उन्होंने कहा कि मैं इस प्रयास में जापानी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी का स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद उच्च-गति रेल परियोजना, भारत और जापान के बीच एक प्रमुख परियोजना है। हमारा लक्ष्य कुछ वर्षों में यात्री सेवाएं शुरू करना है। मोदी ने कहा कि भारत-जापान सहयोग में उच्च-गति रेल से आगे परिवहन के अन्य क्षेत्रों को भी जोड़ने की क्षमता है, जिसमें बंदरगाह, विमानन, जहाज विनिर्माण, सड़क परिवहन, रेलवे और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्र शामिल हैं जहां भारत ने महत्वाकांक्षी पहल की है।

### भारत-चीन को मिलकर काम करना आवश्यक



मोदी ने कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए, भारत और चीन जैसी दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का मिलकर काम करना आवश्यक है, ताकि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाई जा सके। भारत आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता के आधार पर द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे ले जाने के लिए और रणनीतिक संवाद को बढ़ाने हेतु तैयार है ताकि दोनों देशों की विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

## पटेल आईएमएफ के कार्यवाहक निदेशक बने

**नई दिल्ली।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) में



कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। वे अगले तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। उर्जित पटेल 2016 में आरबीआई के 24वें गवर्नर बने थे, उन्होंने रघुराम राजन की जगह ली थी। लेकिन 2018 में निजी कारणों से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। पटेल को भारत की नई इन्फ्लेशन टारगेटिंग फ्रेमवर्क को बनाने वाला माना जाता है।

## पूर्व बैंकर गुप्ता सिंगापुर में सदस्य नियुक्त

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के बैंकर पीयूष गुप्ता को सिंगापुर में ‘काउंसिल ऑफ प्रेसिडेंशियल




एडवाइजर्स’ का वैकल्पिक सदस्य नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सलाह पर यह नियुक्ति की। मेरठ में जन्मे और अब सिंगापुर के नागरिक गुप्ता ने दिल्ली विवि के सेंट स्टीफन कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक व आईआईएम, अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया।

**ट्रंप के सलाहकार नवारो के बिगड़े बोल**

## भारत पर टैरिफ लगाकर हम रूस की लाइफलाइन काट रहे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो अपनी बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं और लगातार भारत पर हमला बोलते हुए 50 प्रतिशत टैरिफ को जायज ठहरा रहे हैं। पपीटर नवारो ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप का भारत से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला लागू हो गया है। यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की वॉर मशीन की लाइफलाइन काटने



जैसा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी उपभोक्ता ऊंची टैरिफ दरों के बावजूद भारतीय सामान खरीद रहे हैं। वहीं भारत उसी डॉलर का इस्तेमाल कर रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है। भारत पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ‘भारतीय रिफाइनरीज, अपने रूसी सहयोगियों के साथ मिलकर कच्चे तेल को रिफाइन करके फिर से ब्लैक मार्किट में बेचकर तगड़ा मुनाफा कमा रही हैं। इससे रूस की जेब में नकदी आ रही है, जो यूक्रेन युद्ध में रूस को वित्तपोषित कर रही है।

### तेल आयात 30 प्रतिशत हुआ

नवारो ने लिखा कि यूक्रेन युद्ध से पहले भारत, रूस से एक प्रतिशत से भी कम कच्चे तेल का आयात करता था, आज वह आयात बढ़कर 30 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है, जो करीब 15 लाख बैरल प्रतिदिन है। भारत की बड़ी तेल कंपनियों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को रिफाइनिंग हब में बदल दिया है, जो रूस के लिए तेल से पैसा कमाने का जरिया बन गई हैं। भारतीय रिफाइनरी रूस से सस्ता तेल खरीद कर उसे यूरोप, अफ्रीका और एशियाई देशों को निर्यात कर रही हैं और निष्पक्षता के नाम पर प्रतिबंधों से भी बच रही हैं। भारत रूस के कच्चे तेल को रिफाइन करके हर दिन 10 लाख बैरल रिफाइन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है।

### रूस ने ड्रोन से यूक्रेन का जहाज डुबोया

रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेनी नौसेना के टोही जहाज सिम्फरोपोल को समुद्री ड्रोन हमले में डूबा दिया है। सिम्फरोपोल जहाज रेडियो, रडार और ऑप्टिकल टोही के लिए डिजाइन किया गया एक मध्यम आकार का लगुना श्रेणी का जहाज था। सिम्फरोपोल को 2019 में लॉन्च किया गया था और यह यूक्रेन का 2014 के बाद सबसे बड़ा नौसेना जहाज था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार, 28 अगस्त को घोषणा की कि उसने यूक्रेनी नौसेना के टोही जहाज सिम्फरोपोल को समुद्री ड्रोन (नेवल ड्रोन) के एक हमले में उड़ा दिया गया है, यह जहाज अब समुंद्र के पानी के अंदर डूब गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25